संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -356 सोमवार,30 अक्टूबर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# केरल की प्रार्थनासभा में सिलसिलेवार बम धमाका



**» बम धमाके में एक की मौत, 52 घायल**

**कोच्चि,29 अक्टूबर 2023(ए)।**
आज 29 अक्टूबर की सुबह 9 बजकर 40 मिनट पर कोच्चि के कलमास्सेरी में स्थित येहोवा विटनेस कन्वेंशन सेंटर में दो विस्फोट हुए, जिसमें एक की मौत और 36 लोग घायल बताए जा रहे हैं। विस्फोट के वक्त 2 हजार से ज्यादा लोग धार्मिक सभा में मौजूद थे।
केरल के कोच्चि के येहोवा विटनेस कन्वेंशन सेंटर में हुए दो बम धमाके आईईडी से किए गए थे। केरल के डीजीपी डॉ. शेख दरवेश साहब जानकारी दी है।
आजतक टीवी रिपोर्ट के मुताबिक शुरुआती जांच में सामने आया है कि टिफिन बॉक्स में बम रखा गया था। पुलिस को घटनास्थल येहोवा विटनेस कन्वेंशन सेंटर पर विस्फोट में इस्तेमाल की गई वायर, बैट्री और अन्य संदिग्ध सामान भी मिला है।

### कम तीव्रता वाला बम किया गया था इस्तेमाल

विस्फोट के शुरुआती जांच से पता चला है कि यह कम तीव्रता वाला विस्फोट था जिसमें कोई छर्रा नहीं था। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, जांचकर्ताओं ने निर्धारित किया है कि इस्तेमाल किया गया विस्फोटक डिवाइस एक एक टाइमर सेट वाला डिवाइस था था, क्योंकि घटनास्थल पर बैटरी और तार गए हैं।

### टाइम आधारित बम था...

ये बैटरी और तारों के साथ एक टाइमर-आधारित डिवाइस की उपस्थिति देखकर पता लगता है कि ये आतंकवादियों द्वारा प्लानिंग के तहत किया गया काम था। मामला अभी तक आधिकारिक तौर पर एनआईए को नहीं सौंपा गया है, लेकिन यह तथ्य कि एनआईए एसपी घटनास्थल पर मौजूद हैं, स्थिति की गंभीरता से देख रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड की आठ सदस्यीय टीम बम विस्फोट के बारे में पूछताछ करने के लिए केरल जा रही है।
जिस समय केरल में धमाके हुए, उस वक्त राज्य के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन दिल्ली में धरना दे रहे थे। यह धरना कम्युनिस्ट पार्टी ने गाजा पर इजराइल के हमले के विरोध में आयोजित किया है।
धमाकों के बाद भी विजयन धरने में ही मौजूद रहे। हालांकि उन्होंने धमाकों को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि धमाके के बाद के हालात को लेकर उन्होंने राज्य के डीजीपी से बात की है।
केरल पुलिस ने बताया कि जांच करने के लिए 8 स्पेशल टीमों को घटनास्थल पर भेजा गया है। ब्लास्ट की जांच करने पहुंची फोरेंसिक टीम। केरल डीजीपी शेक दरवेश साहेब ने कहा कि शुरुआती जांच में लग रहा है जैसे द्धश्वष्ठ ब्लास्ट हुए।
डिवाइस टिफिन बॉक्स के अंदर रखा था। तीन दिन का कन्वेंशन होना था। इसके लिए 2300 लोगों ने रजिस्टर किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रार्थना सभा के दौरान 5 मिनट के अंदर 3 अलग-अलग ब्लास्ट हुए। पहला ब्लास्ट ज्यादा तेज था।
ब्लास्ट के बाद जामरा कन्वेंशन सेंटर के बाहर स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। हालांकि पुलिस ने कैंपस सील कर दिया। विस्फोट की सूचना के बाद घायलों को आसपास के अस्पतालों में ले जाया गया। जिले के सभी अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया है।

### एक नजर

केरल हमले को देखते हुए दिल्ली पुलिस हाई अलर्ट पर है। बाजार, चर्च, मेट्रो स्टेशन, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, भीड़भाड़ वाले इलाकों पर निगरानी तेज।
केरल सीएम पिनरई विजयन ने सोमवार को तिरुवनंतपुरम में ऑल पार्टी मीट बुलाई है।
केरल डीजीपी ने कहा है कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ या हिंसा फैलाने वाले मैसेज शेयर करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
कलामासेरी मेडिकल कॉलेज के रीजनल मेडिकल ऑफिसर ने बताया कि बर्न आईसीयू में 10 पेशेंट हैं, जिनमें से 2 वेंटिलेटर पर हैं और एक मरीज क्रिटिकल है।
पूर्व केंद्रीय मंत्री, भाजपा नेता अल्फोंस केजे ने कहा कि कन्वेंशन सेंटर में कई ब्लास्ट हुए। केरल में लेफ्ट-राइट दोनों धड़ आतंक का समर्थन करते हैं। ये काफी लंबे समय से हो रहा है।

### केरल ब्लास्ट के बाद दिल्ली और यूपी में हाई अलर्ट जारी, सीएम विजयन ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

केरल में हुए बम धमाके के बाद दिल्ली और उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल सेंट्रल एजेंसियों के संपर्क में है। यूपी एटीएस को भी अलर्ट किया गया है।्रञ्जस् की टीमें बीते दिनों में मिले नए इनपुट को फिर से खंगालने में लगी हैं। इन सबके बीच केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। कल सुबह 10 बजे सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कॉन्फ्रेंस हॉल में सर्वदलीय बैठक होगी।

### केरल में सिलसिलेवार धमाकों के बाद दिल्ली, मुंबई हाई अलर्ट पर

दिल्ली पुलिस ने कहा कि धमाकों के मद्देनजर शहर के भीड़-भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है
नई दिल्ली- केरल के कलामासेरी में एक कन्वेंशन सेंटर में आज यहोवा के साक्षियों की प्रार्थना सभा के दौरान सिलसिलेवार विस्फोटों के बाद , राष्ट्रीय राजधानी और मुंबई में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।
दिल्ली पुलिस ने कहा कि धमाकों के मद्देनजर शहर के भीड़-भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है. इसी तरह, मुंबई पुलिस ने त्योहारी सीजन, आगामी क्रिकेट मैचों और केरल में हाल ही में हुए विस्फोटों को देखते हुए हाई अलर्ट जारी किया है और सुरक्षा बढ़ा दी है।

### कोच्चि निवासी ने ली विस्फोट की जिम्मेदारी, केरल पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

एक बड़े घटनाक्रम में रविवार को कलामासेरी में एक कन्वेंशन सेंटर में हुए बम विस्फोट की जिम्मेदारी लेते हुए कोच्चि के एक व्यक्ति ने केरल पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है।



## खड़गे ने प्याज की बढ़ती कीमतों को लेकर बीजेपी पर किया तंज

**नई दिल्ली,29 अक्टूबर 2023(ए)।** कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने रविवार को प्याज की बढ़ती कीमतों को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर तंज किया।
खड़गे ने अपने एक्स अकाउंट पर एक कार्टून शेयर करते हुए हिंदी में लिखा, 'पिछले 9.5 सालों से बीजेपी बढ़ती महंगाई और ऊंची कीमतों के खिलाफ जनता के आक्रोश का मजाक उड़ा रही है, हर बार महंगाई के मुद्दे पर मोदी सरकार ने लोगों का मजाक उड़ाया है।' महंगाई दिखाई नहीं देती, मैं प्याज नहीं खाता, हम दूसरे देशों से बेहतर हैं। खड़गे ने पूछा,फिर प्याज फिर महंगा क्यों?
उन्होंने आगे कहा कि पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में जनता बीजेपी को हराकर इसका जवाब देगी। पिछले हफ्ते प्याज की कीमतें करीब 50 फीसदी तक पहुंच गईं। गुणवत्ता के आधार पर दिल्ली-एनसीआर में सब्जी 60-80 रुपये प्रति किलोग्राम पर बिक रही हैं।

# चंद्रबाबू नायडू के जेल में रहने के कारण उनकी पार्टी ने तेलंगाना चुनाव से इनकार किया

**हैदराबाद,29 अक्टूबर 2023 (ए)।** चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली तेलुगु देशम पार्टी तेलंगाना में चुनावी लड़ाई से बाहर रहेगी, पार्टी के एक वरिष्ठ सूत्र ने आज बताया।
बताया जाता है कि इस आशय का निर्णय राजमुंदरी सेंट्रल जेल के अंदर चंद्रबाबू नायडू के साथ तेलंगाना तेलुगु देशम प्रमुख कसानी ज्ञानेश्वर की बैठक के बाद लिया गया।
कौशल विकास निगम से कथित तौर पर धन का दुरुपयोग करने के आरोप में गिरफ्तार चंद्रबाबू नायडू वर्तमान में राजमुंदरी सेंट्रल जेल में बंद हैं।
श्री नायडू ने कथित तौर पर कहा था कि उनके जेल में रहने से नेतृत्व के लिए तेलंगाना में प्रचार करना संभव नहीं हो सकता है और इसलिए राज्य पार्टी प्रमुख को कैडर को परिस्थितियों के बारे में बताना चाहिए।



अन्यथा भी, भाजपा ने तेलंगाना में जन सेना के साथ जाने की उत्सुकता दिखाई है, जबकि आंध्र प्रदेश में जन सेना के साथ हाथ मिलाने पर कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई है, जिसने घोषणा की है कि वह 2024 का चुनाव तेलुगु देशम के साथ लड़ेगी, जिससे चंद्रबाबू नायडू को झटका लगा है। अजीब स्थिति में.
तेलुगू देशम का तेलंगाना में जनाधार रहा है, जिसकी बदौलत उसने 2014 में 15 सीटें और 2018 के विधानसभा चुनाव में दो सीटें जीतीं। निर्वाचित विधायकों ने बाद में सत्तारूढ़ दल के प्रति वफादारी बदल दी।
तेलंगाना में श्री चंद्रबाबू नायडू के समर्थक इस बात से नाराज थे कि बीआरएस ने चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए बयान नहीं दिया था और उन्हें हाईटेक सिटी क्षेत्र में उनके समर्थन में विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं दी गई थी।
जब कुछ समूहों ने कहा कि वे अपना वोट बीआरएस से हटाकर कांग्रेस में स्थानांतरित करने पर विचार करेंगे, तो सत्तारूढ़ पार्टी नेतृत्व चिंतित हो गया और फिर कई नेताओं ने श्री नायडू की गिरफ्तारी के तरीके की निंदा की।
इस संदर्भ में भाजपा का पवन कल्याण तक पहुंचना महत्वपूर्ण है। जन सेना तेलंगाना में सक्रिय नहीं है लेकिन पवन कल्याण का प्रशंसक आधार है। बीजेपी उम्मीद कर सकती है कि उनकी घोषणा कि वह तेलुगु देशम के साथ चुनाव लड़ेंगे, उन्हें नायडू समर्थकों के वोट मिल सकते हैं या कम से कम कांग्रेस और बीआरएस से दूर कर सकते हैं।
इस बार तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति, जो राज्य में हैट्रिक बनाने के लिए संघर्ष कर रही है, उम्मीद कर रही है कि लोग मंचिगा चेसिंदु, मल्ली वस्थदु (उन्होंने अच्छा किया, वह वापस आएंगे) के साथ जाएंगे, जबकि विपक्ष यह उम्मीद कर रहा है।

# केरल की रैली में हमास नेता की मौजूदगी पर बवाल

### बीजेपी ने कहा- देश के लिए चिंता की बात

**तिरुवनंतपुरम,29 अक्टूबर 2023 (ए)।** इजरायल-हमास युद्ध को तीन सप्ताह से अधिक का समय हो गया है, लेकिन इस युद्ध के थमने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। इस बीच केरल में फलस्तीन के समर्थन में एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में हमास नेता भी वर्चुअली रूप से शामिल हुए। भाजपा की केरल उपाध्यक्ष ने इस पर सवाल खड़े किए हैं।
हमास नेता खालिद मशाल के रैली में वर्चुल शामिल होने पर केरल की भाजपा उपाध्यक्ष वीटी रेमा ने हैरानी जताई है। उन्होंने कहा कि हमास नेता खालिद मशल का रैली में वर्चुअल तौर पर शामिल होना इस्लामिक आतंकवादियों के एक समूह ने भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में अपनी असली मानसिकता दिखाई है।




वहीं, केरल भाजपा अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने भी हमास नेता के कार्यक्रम में शिरकत पर सवाल उठाए थे। उन्होंने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा था कि इस तरह के आयोजन अस्वीकार्य हैं।बता दें कि केरल में जमात-ए-इस्लामी की युवा शाखा सॉलिडैरिटी यूथ मूवमेंट ने फलस्तीन के समर्थन में एक सभा का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम में हमास नेता ने वर्चुअली रूप से शिरकत की थी। हमास के पूर्व प्रमुख मशाल ने सभा को अरबी भाषा में संबोधित किया था।




## कार और ट्रक के बीच आमने-सामने टक्कर में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत

**जयपुर,29 अक्टूबर 2023 (ए)।** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में एक कार और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर में भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा शनिवार रात उस समय हुआ जब परिवार एक समारोह से घर लौट रहा था।
एसएचओ वेद पाल ने कहा कि इस हादसे में मारे गए लोगों की पहचान साठ साल के परमजीत कौर, खुशविंदर सिंह, उनकी पत्नी परमजीत कौर, बेटा मनजोत सिंह और 36 साल के रामपाल उसकी पत्नी रीना एवं बेटी रीता के रूप में हुई है।
उन्होंने कहा कि घायलों की पहचान आकाशदीप सिंह और मनराज कौर के रूप में हुई है, जिसको बीकानेर के एक अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। एसएचओ पाल ने आगे कहा कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# हत्यारोपी के पिता को गोली मारी

**» बेटा जेल में है बंद...**
**» पिता को बदमाशों ने मार डाला**
**» घर के सामने ही गोलियों से किया छलनी**

**बड़ौत/बागपत,29 अक्टूबर 2023 (ए)।** हिलवाड़ी गांव में हत्यारोपी के पिता को सरेआम गोलियों से भून दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। मृतक का बेटा दीपक पिछले साल गांव के ही युवक विक्की की हत्या के आरोप में जेल में बंद है।
हत्या की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उठाने का प्रयास किया, लेकिन परिजनों ने एसपी को मौके पर बुलाने की मांग करते हुए शव को नहीं उठाने दिया।
जानकारी के मुताबिक, हिलवाड़ी गांव में सुबह लगभग 11 बजे लगभग 55 वर्षीय कृष्णपाल पुत्र श्रीचंद बाइक पर खेत से घर लौट रहा था। गांव में वह घर के पास पहुंचा तो तीन-चार युवकों ने घात लगाकर कृष्णपाल को गोलियों से भून दिया, जिसके बाद वह बाइक समेत जमीन पर गिर गया।



### तमंचा लहराते हुए भागे बदमाश

घटना के बाद आरोपी तमंचे लहराते हुए फरार हो गए। गोलियों की आवाज सुनकर स्वजन मौके पर पहुंचे तो कृष्णपाल लहूलुहान जमीन पर पड़ा था। कृष्णपाल के सिर में गोलियां लगी है।

### परिजनों ने जताया विरोध

घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उठाने का प्रयास किया, लेकिन गुस्साए परिजनों ने शव को नहीं उठाने दिया। इंस्पेक्टर देवेश कुमार सिंह और सीओ सवि रत्न गौतम ने घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ ने बताया कि कृष्णपाल की गोली मारकर हत्या की गई है। शव को कब्जे में ले लिया गया है।

### कृष्णपाल का बेटा जेल में बंद है

पिछले साल कृष्णपाल के बेटे दीपक ने दुल्हैंडी पर शराब के नशे पर गांव के ही विक्की की हत्या कर दी थी, जिसके बाद से ही दीपक जेल में बंद है।

### तमंचा लिए था मृतक

जिस समय पुलिस कृष्णपाल के शव को पोस्टमार्टम के बैग में रख रही थी, तो उसके पास तमंचा बरामद किया, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

# दिवाली को लेकर पीएम मोदी की लोगों से अपील



**» स्थानीय स्तर पर बने उत्पाद खरीदने का किया आग्रह**

**नई दिल्ली,29 अक्टूबर 2023 (ए)।** दिवाली का मौसम नजदीक आने के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लोगों से स्थानीय स्तर पर बने उत्पाद खरीदने का आग्रह किया। अपने मासिक रेडियो प्रसारण 'मन की बात' में पीएम मोदी ने कहा, जब आप अपनी दिवाली भारत में बने, भारतीयों द्वारा बनाए गए उत्पादों से रोशन करेंगे, अपने परिवार की हर छोटी-छोटी जरूरत को स्थानीय स्तर पर पूरा करेंगे, तो दिवाली की चमक और बढ़ जाएगी। उन कारीगरों के जीवन में, एक नई दिवाली चमकेगी, जीवन का एक सवेरा होगा, उनका जीवन अद्भुत होगा। भारत को आत्मनिर्भर बनाएं, 'मेक इन इंडिया' को चुनते रहें, ताकि करोड़ों देशवासियों की दिवाली भी रोशन हो।

# क्रिप्टो करंसी मामले में हमीरपुर जिला में एसआईटी की बड़ी कार्रवाई:कई जगहों पर छापेमारी

**हमीरपुर ,29 अक्टूबर 2023 (ए)।** क्रिप्टोकरंसी मामले को लेकर हमीरपुर जिले में रविवार को एसआईटी ने बड़ी कार्रवाई शुरू की है। शिकायतों को लेकर जिलेभर के तकरीबन एक दर्जन जगहों पर छापेमारी जारी है। अलग-अलग टीमें जिलेभर के कई क्षेत्रों में संबंधित घरों में पहुंचकर रिकॉर्ड को खंगाल रही हैं। जिले में दो दर्जन से ज्यादा शिकायतें क्रिप्टोकरंसी मामले को लेकर आई हैं। इनमें तीन मामले भी पुलिस में दर्ज हैं। 100 करोड़ से ज्यादा का यह गड़बड़ झाला बताया जा रहा है। नौहंगी में दो जगह पर और रंगस पंचायत




में कुछ और स्थानों पर भी पुलिस की टीम जांच कर रही हैं। इसी तरह सुजानपुर इलाके में भी एसआईटी की टीमें जांच कर रही हैं। कुछ और टीमें अलग-अलग पंचायतों में पहुंचकर संबंधित घरों में छानबीन में जुटी हैं। तकरीबन एक दर्जन ठिकानों पर यह कार्रवाई जारी है।क्रिप्टोकरंसी मामले में जिन लोगों ने पैसा लगाया है, उन्हें बड़े लोग साइलेंट मोड पर चले गए हैं। जिला मुख्यालय के अलावा अन्य इलाकों में उनकी मौजूदा स्थिति से इस बात का पता चल रहा है कि उन्होंने समय रहते बहुत कमाई की। और अब यदि कुछ पैसा डूबने की स्थिति में भी चला गया है, तो उन्हें ज्यादा फर्क नहीं पड़ा होगा। लेकिन ऐसे लोगों की चर्चा शहर में खूब है।

### पूर्व कर्मचारी के घर भी हुई जांच

एसआईटी की टीम ने रविवार को पुलिस के उस कर्मचारी के घर पर जाकर भी छानबीन की है, जो इस मामले में संलिप्त बताया गया है। उसका भी अच्छा खासा कारोबार क्रिप्टोकरंसी में पिछले कुछ सालों से जारी था। इधर, एएसपी अशोक वर्मा का कहना है कि टीमें जांच कर रही हैं।

## संपादकीय

### सीट बंटवारे पर कांग्रेस की नई रणनीति

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में सीट बंटवारे की चर्चा नहीं हो रही है क्योंकि कांग्रेस ने इसके लिए मना किया हुआ है। शरद पवार के घर पर 13 सितंबर को कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक में इस बारे में बात उठी थी लेकिन बैठक शामिल हुए कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कह दिया कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बाद इस बारे में बात होगी। उसके बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यह भी कह दिया कि विपक्षी गठबंधन की अगली यानी चौथी बैठक तीन दिसंबर को पांच राज्यों के चुनाव नतीजे आने के बाद ही होगी। अब कांग्रेस ने सीट बंटवारे को लेकर नई रणनीति का संकेत दिया है। जानकार सूत्रों के मुताबिक विपक्षी गठबंधन की कोऑर्डिनेशन कमेटी में सीट बंटवारे पर चर्चा नहीं होगी।

बताया जा रहा है कि कांग्रेस राज्यवार सीट बंटवारा चाहती है और यह भी चाहती है कि कांग्रेस के प्रदेश नेता हर राज्य में सीट बंटवारे पर बात करें। अगर कांग्रेस इस बात पर अड़ती है तो फिर कोऑर्डिनेशन कमेटी में सीट बंटवारे पर चर्चा नहीं हो पाएगी क्योंकि उसमें 13 सदस्य हैं और हर राज्य में सबकी मौजूदगी या रूचि नहीं है। मिसाल के तौर पर जेएमएम के सदस्य की महाराष्ट्र या मध्य प्रदेश में सीट बंटवारे में कोई रूचि नहीं होगी और न डीएमके को झारखंड में कोई रूचि होगी। सो, अगर कांग्रेस की राज्य इकाइयों को सीट बंटवारे के लिए कहा जाता है तो कोऑर्डिनेशन कमेटी में सिर्फ चुनावी रणनीति और साझा न्यूनतम कार्यक्रम आदे के बारे में चर्चा होगी। इसके समन्वयक या संयोजक की भी कोई भूमिका नहीं रह जाएगी।

अगर कांग्रेस की इस रणनीति पर टिकट बंटवारे की बात होती है तो इसका मतलब है कि बिहार में राजद, जदयू, कांग्रेस और लेफ्ट के नेता बैठ कर सीटों का बंटवारा करेंगे। उसमें 'इंडिया' गठबंधन की बाकी दो दर्जन पार्टियों का कोई रोल नहीं होगा। इसी तरह हर राज्य में जो मजबूत प्रादेशिक पार्टी है वह कांग्रेस या किसी दूसरी ऐसी पार्टी के साथ बात करेगा, जिसकी उस राज्य की राजनीति में मौजूदगी होगी। जिन राज्यों में गठबंधन तय नहीं है, जैसे उत्तर प्रदेश में तो उन राज्यों में 'इंडिया' के बड़े नेता प्रादेशिक पार्टियों के साथ बात करेंगे और उनको गठबंधन में लाने की कोशिश करेंगे।

कांग्रेस की इस रणनीति में एक पेंच ऐसी पार्टियों के साथ तालमेल का है, जिनकी अखिल भारतीय मौजूदगी है या जिनका एक से ज्यादा राज्यों में मजबूत संगठन है। जैसे एनसीपी के नेता महाराष्ट्र से बाहर गोवा, गुजरात, मेघालय आदि राज्यों में भी सीट की मांग कर सकते हैं। कम्युनिस्ट पार्टियों के साथ अगर सीटों का तालमेल होता है तो वह भी राज्यवार मुश्किल लगता है कि क्योंकि सीपीएम और सीपीआई का संगठन अब भी कई राज्यों में है।

## करवा चौथ



प्रोफेसर शाम लाल कौशल
रोहतक हरियाणा

पौराणिक परंपराओं के मुताबिक हमारे देश में पत्नियों द्वारा पत्तियों के कल्याण एवं दीर्घायु के लिए कार्तिक मास में करवा चौथ का व्रत रखने की परंपरा है! इस दिन पत्नियां सारा दिन खाना तो दूर की बात पानी की बूंद तक भी नहीं पीती! शाम को करवा चौथ की कथा सुनती हैं और फिर रात को चंद्रमा के निकलने पर उनका पति उन्हें व्रत खोलने के लिए जल पिलाता है! कहा जाता है कि पुराने समय में जब पत्नियों और बच्चों की सुरक्षा का काम पत्तियों के जिम्मे होता था तब साल में एक विशेष दिन पत्नियां करवा चौथ का व्रत रख कर अपने पतियों की दीर्घायु के लिए परमात्मा से प्रार्थना करती थी! लेकिन अब जमाना बदल गया है! लोगों का मानना है कि पत्नियों द्वारा पतियों की दीर्घायु के लिए व्रत रखना तथा पानी तक भी ना पीना पुरुष प्रधान समाज में स्त्रियों को जलील करने का एक तरीका है! जब पति शराबी कबाबी हो, पत्नी के साथ मारपीट करता हो आमदनी का एक बड़ा भाग शराब, वेश्यावृत्ति आदि में लगा देता हो और घर का गुजारा करने में तकलीफ होती हो, कोई पत्नी ऐसे गैर जिम्मेदार पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखकर सारा दिन भूखी क्यों मरेगी? पूछा जा सकता है कि पुरुष के भले के लिए स्त्री ही कुछ ना कुछ करती है, पुरुष स्त्री के लिए कुछ क्यों ना करें? आज जमाना बदल गया है! करवा चौथ का व्रत पहले की तरह प्रासंगिक नहीं है! वैसे तो कोई भी रखा गया व्रत स्वास्थ्य तथा मानसिक शांति के लिए उपयोगी होता है, लेकिन इस व्रत को रखना पति पत्नी के लिए आजकल संभव नहीं! आज के कामकाजी पति पत्नी कई बार एक जगह काम नहीं करते जिससे पति लोग अपनी पत्नियों का व्रत नहीं खुलवा सकते! और अगर एक ही स्थान पर तैनात भी हों तो ड्यूटी का समय अलग-अलग होने पर व्रत कार निभाना आसान नहीं होता! आजकल के पति पत्नी आमतौर पर छोटी छोटी बात पर झगड़ते रहते हैं, उनमें आपसी ईर्ष्या, अविश्वास, ईगो, टकराव, सहयोग तथा समर्पण भावना का अभाव होता है, ऐसे में पत्नी अपने पति के हित के लिए व्रत रखने में असहज महसूस करती है! बेशक आजकल कुछ पति पत्नियों के साथ करवा चौथ का व्रत रखने लगे हैं लेकिन इसके बावजूद भी इस व्रत की महानता उतनी नहीं रह जाती! इसके अलावा इस व्रत को रखना पत्नी के लिए इसलिए भी अनावश्यक हो जाता है क्योंकि वह आर्थिक तौर पर स्वाबलंबी है और किसी तरह सुरक्षा हेतु पति पर निर्भर नहीं करती! पहले समय में पत्नी द्वारा पति के हित के लिए व्रत रखना उस पर आर्थिक दृष्टि से निर्भर करना मुख्य आधार माना जाता था! बेशक हमारे देश में कुछ पत्नियां करवा चौथ का व्रत रखती हैं, इस दिन वे खूब हार सिंगार करती हैं, पूजा पाठ करती हैं, उसका पति तथा ससुराल वाले उसे इस दिन उपहार भी देते हैं परंतु क्योंकि पति पत्नी एक दूसरे के प्रति ईमानदार, वफादार, समर्पित तथा सहनशील नहीं होते, इस व्रत का कोई फायदा नहीं! अगर कोई पत्नी किसी कारण से इस व्रत को ना रखना चाहे तो उसे मजबूर बिल्कुल नहीं करना चाहिए! अगर पति पत्नी का आपस में दिल से प्रेम, विश्वास, प्यार, सम्मान, सहयोग, वफादारी, ईमानदारी तथा समर्पण भावना हो तथा किसी तीसरे में दिलचस्पी ना हो तो वो करवा चौथ का व्रत रखे बिना भी एक दूसरे की दीर्घायु तथा कल्याण हेतु सहायक साबित हो सकते हैं!

# रील्स की बीमारी से ग्रसित युवा पीढ़ी

आज हम एक सामाजिक और मनोविकारी समस्या का विश्लेषण करेंगे, जो हमारी युवा पीढ़ी को खोखला कर रही है। अमरीका के 50 राज्यों में से 42 की राज्य सरकारों ने फेसबुक, व्हाट्स एप और इंस्टाग्राम की कंपनी 'मेटा' के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज किया है। सोशल मीडिया के ये मंच वहां की युवा पीढ़ी को 'बीमार' कर रहे हैं और गुस्सैल बना रहे हैं। नतीजतन यह पीढ़ी पढ़ाई-लिखाई, कारोबार या करियर, सामाजिक-पारिवारिक जिम्मेदारियां भूलती जा रही है और हमलावर बनकर नकारापन की ओर अग्रसर है। यदि भारत के संदर्भ में आकलन करें, तो हमारी नौजवान पीढ़ी भी मोबाइल की आदी हो गई है। उसे अलग-अलग एप्स पर दुनिया भर के वीडियो, रील्स देखते रहने की लत लग गई है। भारत में करीब 38.1 करोड़ युवा 15-29 साल के वर्ग में हैं। यह पढ़ने-लिखने, खेलने और एक बेहतर करियर बनाने की उम्र है। भारत को इस युवा पीढ़ी पर ही नाज और गर्व है। इसी के आधार पर भारत विश्व का सबसे 'युवा राष्ट्र' है। हमें इस नौजवान कार्य-बल पर गर्व और स्वाभिमान है, क्योंकि यह देश के दायित्वों को संभाल सकता है। हमारी अर्थव्यवस्था का भी बुनकर है, लेकिन मोबाइल हमारी युवा पीढ़ी को खोखला और मानसिक तौर पर अस्थिर बना रहा है। मोबाइल उत्पादन में भारत विश्व में दूसरे स्थान का देश है। इस पर हम इतराते रहते हैं। भारत में औसतन 60 लाख रील्स या वीडियो हररोज बनाए जाते हैं, क्योंकि सोशल मीडिया को 40 करोड़ से अधिक भारतीय देखते या इस्तेमाल करते हैं। एक और अध्ययन के मुताबिक, करीब 45 फीसदी आबादी सोशल मीडिया की शौकीन है। रील्स को देखने या उन पर टिप्पणियां करने में औसतन युवा हररोज 3-4 घंटे खर्च करता है। ये रील्स कोई शैक्षिक या पेशेवर नहीं होतीं। ज्यादातर रील्स में कोई नाचता-गाता या अभिनय करता दिखाई देता है अथवा कोई




चुटकुले सुनाता है या विभिन्न पोशाकों की प्रदर्शनी भी करता है। डेटिंग और रिलेशनशिप की रील्स की बहुत बड़ी दुनिया है।

युवाओं का शौक होना स्वाभाविक है तथा वे दोस्ती करने या अंततः संबंध बनाने में रील्स पर बहुत वक्त लगाते हैं। कई रील्स या वीडियो अश्लील भी होते हैं। हमारी युवा पीढ़ी को मोबाइल पर रील्स या वीडियो देखने, बनाने की ऐसी लत लग गई है कि वह डिप्रेशन, चिंता, अनिद्रा, अवसाद, आंखों की बीमारियों, पोस्ट ट्रॉमैटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर आदि मानसिक बीमारियों की शिकार होती जा रही है। कोरोना महामारी ने भी हमें मानसिक तौर पर बीमार किया है। उसके कारण भी मामले बढ़ते जा रहे हैं। गंभीर मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के कारण अमरीकी अर्थव्यवस्था को 16 लाख करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। भारत के संदर्भ में अभी ऐसा डाटा उपलब्ध नहीं कराया गया है। कोरोना के अलावा भी हमारे नौजवान इन मनोविकारों को आमंत्रित कर रहे हैं। भारत में युवा पीढ़ी के ऐसे व्यवहार पर लगाम लगाने को कोई कानून या आचार संहिता नहीं है। अमरीका में तो करीब 32 फीसदी युवा मानसिक बीमारियों से जूझ रहे हैं, नतीजतन गोलीबारी की घटनाएं आम हैं, लेकिन भारत में फिलहाल ऐसे सार्वजनिक अध्ययन सामने नहीं आए हैं।अलबत्ता यह लत ऐसी लग गई है, जो सिगरेट से भी ज्यादा घातक है। युवा लोग मोबाइल को आंखों के करीब लाकर घंटों एप्स को देखते हैं, लिहाजा मोबाइल का रेडिएशन आंखों को प्रभावित करता रहता है। चीन ने तो इस संदर्भ में कानून बना दिया है कि किस आयु-वर्ग का किशोर या युवा कितने वक्त तक मोबाइल देख सकता है। यदि उसका उल्लंघन होता है, तो संबद्ध कंपनियों की जवाबदेही तय की जाती है और उन पर जुर्माना भी ठोंका जाता है। हमारा मानना है कि भारत में एक बहस या विमर्श आयोजित किया जाना चाहिए कि सोशल मीडिया कितना अनिवार्य और पेशेवर तौर पर सहायक है। भारत में भी कोई कानूनी व्यवस्था बने, क्योंकि रील्स का धंधा जानलेवा भी होता जा रहा है। रील्स बनाते हुए कई दुर्घटनाएं भी सामने आई हैं और अनहोनियां भी हुई हैं। यह बेहद संवेदनशील मुद्दा है कि क्या हम अपनी युवा पीढ़ी को बेवजह ही बीमार होने देंगे?

**-रानी साहू-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही नरफत एक सुनियोजित षड़यंत्र ?

जिस भारत देश में स्कूली शिक्षा में प्राइमरी कक्षा की इतिहास की पाठ्य पुस्तकों में सभी धर्मों के महापुरुषों की जीवन गाथा केवल इसी मक़सद से पढ़ाई जाती थी ताकि देश के कर्णधार बच्चों को न केवल उनके व्यक्तित्व के बारे में पता चल सके बल्कि उनके प्रति आदर, सत्कार, सम्मान व स्नेह भी पैदा हो। आज उसी देश में सद्भाव व सौहार्द की नहीं बल्कि साम्प्रदायिक नफ़रत के बीज बोने जैसा ख़तरनाक खेल खेला जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के लाख मना करने व चेतावनी देने के बावजूद देश के मुख्य धारा के मीडिया से लेकर सोशल मीडिया के फ़ेस बुक ,वॉट्सएप्प व एक्स (ट्विटर ) जैसे अनेक प्लेटफ़ॉर्म्स पर धड़ल्ले से साम्प्रदायिकता का ज़हर उगला जा रहा है। चूँकि मीडिया व सोशल मीडिया इस तरह के विषवमन करने वाले अनेक तत्वों को उन्हें प्रचारित कर 'हीरो ' बना चुका है और ऐसे अनेक स्वयंभू धर्मगुरु से लेकर अपराधी प्रवृत्ति के तत्वों तक समाज में ज़हर घोल कर व साम्प्रदायिक नफ़रत फैलाकर आज के दौर के चर्चित व्यक्ति बन चुके हैं और प्रसिद्धि हासिल कर चुके हैं, अतः इन्हीं का अनुसरण कर मानो नफ़रत के कारोबारियों की पूरी फ़ौज धड़ल्ले से मैदान में उतर आई है और बेफ़िक्र होकर समाज में नफ़रत का ज़हर घोल रही है।

इनमें से अधिकांशतः समाज के निठल्ले,बेरोज़गार,अपेक्षित,अशिक्षित,साम्प्रदायिकतावादी,पूर्वाग्रही तथा सामाजिक एकता को नापसंद करने वाली जन्मजात सोच रखने वाले लोग शामिल हैं। इन्हें मालूम है कि चूँकि उनके इस नफ़रती अभियान से सत्ता पक्ष ख़ुश होगा,उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होगी,और सम्भव है कि नफ़रत फैलाने में ज़्यादा महारत रखने का 'सफल प्रदर्शन ' करने पर उन्हें किसी 'रेवड़ी ' से भी नवाज़ा दिया जाये। पिछले दिनों भारतीय जनता पार्टी ने तेलंगाना राज्य में अपने प्रत्याशियों की जो सूची जारी की उसमें एक नाम विधायक टी राजा सिंह का भी था। पार्टी ने उन्हें इस बार भी उनकी गोशामहल सीट से मैदान में उतारने का फ़ैसला किया है। टी राजा 2014 से इसी सीट से चुनाव जीतते आ रहे हैं। इनका संक्षिप्त परिचय यह है कि यह



रानजीति में आने से पूर्व बजरंग दल से जुड़े थे। हमेशा विवादों से घिरे रहने वाले टी राजा के विरुद्ध अनेक थानों में 75 से भी अधिक एफ़आईआर दर्ज हैं। इनमें से अधिकांश प्राथमिकी हेट स्पीच, लॉ एंड ऑर्डर के उल्लंघन और कर्फ़्यू के आदेशों के उल्लंघन जैसे मामलों में दर्ज हैं । पिछले कुछ समय से राजा सत्ता द्वारा मिलती जा रही लगातार छूट या शह से उत्साहित होकर कुछ ज़्यादा ही नफ़रत उगलने लगे थे। टी राजा की पूरी राजनीति व शोहरत ही नफ़रत की बुनियाद पर तिकी रही है। उन्होंने 2017 में बॉलीवुड फ़िल्म पद्मावत की रिलीज़ को लेकर मचे हंगामे के दौरान भी कई विवादित बयान दिए थे। उन्होंने हैदराबाद के पुराने शहर को मिनी पाकिस्तान बताया था। जुलाई, 2017 में उन्होंने बंगाल में हिंदुओं से 2002 के गुजरात दंगों की तरह जवाब देने को कहा था। इस तरह 2018 में उन्होंने रोहिंग्या मुसलमानों को लेकर कहा था कि अगर वह देश नहीं छोड़ते तो उन्हें गोली मार देनी चाहिए। उन्होंने मुसलमानों की धार्मिक किताब क़ुरआन पर प्रतिबंध लगाने को भी कहा था और इसे ग्रीक पुस्तक बताते हुए क़ुरआन को देश में आतंकवाद का कारण बताया था। उनकी इसी नफ़रत पूर्ण पोस्ट की वजह से 2020 में उन्हें फ़ेस बुक ने प्रतिबंधित भी कर दिया था। ऐसा करते समय फ़ेस बुक ने कहा था कि टी राजा ने उस पॉलिसी का उल्लंघन किया है, जो हिंसा और नफ़रत को बढ़ावा देने या उसमें शामिल होने वाले लोगों को फ़ेस बुक पर उपस्थिति से रोकता है। कभी वे पैग़ंबर मोहम्मद को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करते सोशल मीडिया पर नज़र आते तो कभी एक मुस्लिम हास्य कलाकार मुनव्वर फ़ारूक़ी का शो होने पर स्टेज को आग लगा देने की धमकी देते सुनाई देते। इस धमकी के बाद उन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। उसी समय भाजपा ने उनके बयानों से किनारा करते हुये कहा था कि ये उनके निजी विचार हैं और पार्टी इसका समर्थन नहीं करती।और फिर उन्हें पार्टी से निलंबित भी कर दिया गया था। और अब उसका निलंबन समाप्त कर भाजपा द्वारा पुनः उसी विवादित व नफ़रत फैलाने वाले व्यक्ति को प्रत्याशी बनाने का आख़िर क्या अर्थ है?

इसी तरह जब भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे व स्वतंत्र भारत के पहले आतंकवादी हत्यारे नाथू राम गोडसे को देशभक्त बताती हैं तो प्रधानमंत्री उनसे रुष्ट होने का बयान तो ज़रूर देते हैं परन्तु उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं करते? अनुराग ठाकुर व तेजस्वी सूर्य जैसे कई लोग नफ़रत फैलाने के बाद पदोन्नत होते दिखाई देते हैं। कोई शस्त्र धारण करने का आवाह्न समुदाय विशेष से कर रहा है तो किसी ने सोशल मीडिया पर तलवारों की दुकान ही खोल रखी है। कोई चाक़ुओं की धार तेज़ रखने को कह रहा है तो कोई दस पांच बच्चे पैदा करने की सलाह दे रहा है। ऐसे माहौल में कौन नहीं चाहेगा कि हिंसा व नफ़रत की आग में ही तपकर क्यों न सत्ता के क़रीबियों में अपना शुमार किया जाये ? अनजानी व गुमनामी भरी ज़िंदिगी जीने वाले लोग भला क्यों न चाहेंगे कि केवल नफ़रती पोस्ट के ज़रिये धर्म ध्वजा बुलंद कर क्यों न 'प्रसिद्धि ' की राह तय की जाये ? और अब तो नफ़रत का यह बाज़ार इतनी कुरूपित हो चुका है कि यही नफ़रती ट्रोल फ़िलिस्तीन में इस्राईलियों द्वारा किये जा रहे नरसंहार का जश्न मना रहे हैं और बार बार हमास या फ़िलिस्तीनियों को ही ग़लत,लड़ाई का ज़िम्मेदार यहाँ तक कि उन्हीं को क्रूर ठहराने पर तुले हैं ? नफ़रत के कई सौदागर इस्राईली सेना के पक्ष में लड़ने के लिये जाने को तैयार बता रहे हैं तो कई ने तो अपनी प्रोफ़ाइल पर भारतीय तिरंगे की जगह इस्राईली ध्वज तक लगा दिया है। रेवड़ी व शोहरत हासिल करने के इस शार्ट कट पर चलने में भी इस समय गोया प्रतिस्पर्धा सी मची हुई है। शम्भू रैगर व मोनू मानेसर जैसे अनेक गुंडे मवाली ही नहीं बल्कि स्वयं को पढ़े लिखे कहलाने का शौक़ पालने वाले अनेकानेक स्वयंभू लेखक,कवि,प्रेरक,प्रवचनकर्ता,लेक्चरबाज़,यहाँ तक कि सत्ता लोभी अनेक फ़िल्मी लोग व तमाम स्वयंभू पत्रकार भी इस अंधी रेस में दौड़ लगा रहे हैं। सवाल यह है कि नफ़रत के बाज़ार में हिंसा व नफ़रत के सौदागरों द्वारा सोशल मीडिया पर पूरी आज़ादी से इस क़द्र नफ़रत फैलाना और उनका बिना किसी क़ानूनी बाधा के उनका बेलगाम घूमना यह सब समाज को विभाजित करने का एक सुनियोजित षड़यंत्र नहीं तो और क्या है ?

**-नीलमणि पाल-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## सीधी लड़ाई में अन्य की भूमिका

अगले महीने, जिन पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं उनमें हिंदी पट्टी के तीनों राज्यों- राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में हमेशा आमने-सामने की लड़ाई होती है। दशकों से चुनावी मुकाबला कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच होता है। इन तीनों राज्यों में कोई भी मजबूत प्रादेशिक पार्टी नहीं है और किसी राष्ट्रीय पार्टी की भी मजबूत मौजूदगी नहीं है। इसके बावजूद यह एक दिलचस्प तथ्य है कि इन तीनों राज्यों में अन्य एक बड़ा फैक्टर होते हैं। अन्य का मतलब है कि छोटी पार्टियां और निर्दलीय उम्मीदवार। वे चुनाव नतीजों पर बड़ा असर डालते हैं और चुनाव के बाद सरकार बनाने में भी बड़ी भूमिका निभाते हैं। कांग्रेस ने पिछले 20 साल में दो बार- 2008 और 2018 सरकार बनाई और दोनों बार अन्य के सहारे से ही उसकी सरकार बनी। इस बार भी अन्य का फैक्टर बड़ा काम करेगा।

अगर आंकड़ों की बात करें तो पिछले यानी 2018 के विधानसभा चुनाव में दो पार्टियों- कांग्रेस और भाजपा में सीधे मुकाबले के बावजूद छत्तीसगढ़ में इन दोनों पार्टियों को सिर्फ 76 फीसदी वोट मिले और 24 फीसदी वोट अन्य पार्टियों को गए। इसी तरह पिछले चुनाव में राजस्थान में भी भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला था इसके बावजूद इन दोनों को 78.90 फीसदी वोट मिले यानी 21 फीसदी वोट अन्य के खाते में गए। मध्य प्रदेश में स्थिति इससे थोड़ी बेहतर रही लेकिन वहां भी कांग्रेस और भाजपा को 81.90 फीसदी वोट मिले और करीब 18 फीसदी वोट अन्य को गए। इसका मतलब है कि भले कोई बड़ी तीसरी ताकत नहीं है लेकिन राज्य के आम लोग कांग्रेस और भाजपा से अलग हमेशा एक विकल्प तलाशते रहते हैं। तभी बसपा, सपा, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी या निर्दलियों के प्रतिनिधि चुनती रहती है। इस बार भी अन्य का फैक्टर चुनाव नतीजों को प्रभावित करेगा और चुनाव के बाद की राजनीति पर भी असर डालेगा। राजस्थान में पिछली बार मायावती की पार्टी बसपा के छह विधायक जीते थे, जो बाद में कांग्रेस में शामिल हो गए थे। इस बार भी बसपा ने अनेक सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने भी राजस्थान में उम्मीदवार दिए हैं। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के नेता और सांसद हनुमान बेनिवाल ने ऐलान किया है कि वे आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के साथ तालमेल करके राज्य की सभी दो सौ सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा कांग्रेस और भाजपा से टिकट लेने में नाकाम रहे अनेक मजबूत नेता निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। इससे लगता है कि कई सीटों पर त्रिकोणात्मक या चारकोणीय चुनाव हो सकता है और थोड़े बहुत वोट के अंतर से हार-जीत का फैसला होगा।

मध्य प्रदेश में नजदीकी मुकाबला ज्यादा होता है। पिछले विधानसभा चुनाव में 84 सीटों पर जीत हार का फैसला 10 हजार से कम वोट के अंतर से हुआ था। इसमें से 44 सीटें भाजपा ने जीती थीं और 40 सीटों पर कांग्रेस को जीत मिली थी। इस बार भी दोनों पार्टियों के बीच नजदीकी मुकाबला दिख रहा है। इस बार मध्य प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से तालमेल किया है। दोनों पार्टियां दलित और आदिवासी बहुल इलाकों में मजबूत उम्मीदवार उतार कर मुकाबले को तिकोना बनाने की कोशिश कर रही हैं। कांग्रेस से विवाद के बाद समाजवादी पार्टी ने भी 30 से ज्यादा सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए हैं। उत्तर प्रदेश से सटे कई इलाकों में सपा का ठीक ठाक असर है।

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल जनता दल यू ने भी अपने उम्मीदवार उतारे हैं। इसके अलावा कांग्रेस व भाजपा से टिकट लेने में नाकाम रहे कई मजबूत नेता निर्दलीय भी लड़ेंगे। भाजपा से अलग हुए मैहर के विधायक नारायण त्रिपाठी ने अलग विंध्य पार्टी बनाने और 30 सीटों पर मजबूत उम्मीदवार उतार कर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। अगर बसपा व गोंडवाना गणतंत्र पार्टी कहीं कांग्रेस का नुकसान करती हैं तो नारायण त्रिपाठी की पार्टी भाजपा का वोट काट सकती है।

**-हरिशंकर व्यास-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# लोगों में अब संवेदनशीलता खत्म हो रही

संवेदनशीलता इंसान के लिए आभूषण की तरह है। जिस इंसान में संवेदनशीलता है वह आभूषणों से लक दक सजा संवरा नज़र आता है। वर्तमान दौर में इन सब बातो से किसी को कोई लेना देना नहीं है ऐसा प्रतीत होता है। राजधानी रायपुर से लगे खरोरा क्षेत्र के युवक ने फोन कर बताया मैंने उसको बहुत मारा है और सुबह उस शख्स की लाश पेड़ से लटकी हुई मिली जबकि दोनों दोस्त थे ऐसी क्या वजह हो गई की अपने दोस्त का गला घोटने मजबूर हुआ। नशा या और कुछ ? नशा के वजह से लोग लोकलाज का भय तक नहीं है आपसी संबंधो को भी ताक में रख रहे हैं। छोटी छोटी बातों पर लोग एक दूसरे की जान लेने में भी नहीं हिचक रहे हैं। इसी प्रकार की एक घटना उत्तरप्रदेश के मेरठ में हुई जहां ग्राम प्रधान (ठेकेदार) ने एक राज मिस्त्री को सिर्फ मजदूरी मांगने पर यातना देकर मौत के नींद सुला




दिया। मारने के पहले उसके पैरों में कीलें भी ठोक देने की जानकारी है। पैरों में कीलें ठोकने के बाद गोली भी मारी गई और उसके शव को पेड़ से लटका दिया। अंत में हद तो तब हो जाती है जब ठेकेदार दबंग ग्राम प्रधान ने खुद पुलिस को फोन करके बताया की मैंने उसे मार दिया है लाश ले जाओ। जिस प्रकार से यातना देकर मारा गया पत्थर दिल इंसान भी पिघल जाये लेकिन ग्राम प्रधान का दिल नहीं पिघला। ग्राम प्रधान होने का मतलब किसी न किसी राजनीतिक पार्टी से जुड़े होने की तस्दीक करती है। कहीं राजनीतिक रसूख और दबंगई के वजह से तो नहीं उस मजदूर की बेरहमी से क़त्ल कर दी गई। बहरहाल यह संवेदनशीलता की पराकाष्ठ है। संवेदनशीलता को तार-तार करने वाली यह घटना तथाकथित प्रगतिशील और शिक्षित समाज को आईना दिखाती है। बेशक देश में ऐसे मामले रोजाना सामने आते रहते हैं लेकिन एक नहीं रोजाना दर्जनों मामले सामने आना निश्चित रूप से संवेदना के दम तोड़ने की तसदीक कर रही है। एक तरफ तो इंसान इंसान में अंतर न करने की बात होती है और दूसरी तरफ हकीकत में कुछ और ही नज़र आता है। जब सच सामने आता है तो अंदर संवेदनहीनता ही नज़र आता है। मन में भेदभाव, ऊंच-नीच, अमीर-गरीब, जाति-पाति, के जो बीज बो दिए गए हैं, वही वर्षो बाद आदमी से ऐसा शर्मनाक कृत्य करवाते हैं। इसलिए जरूरत है अच्छे संस्कारों की, क्योंकि भविष्य इन्हीं पर निर्भर करता है। पूर्वजों की भेदभाव वाली सोच को तिलांजलि देकर ही इन सब कृत्यों से बचा जा सकता है और बदलाव लाया जा सकता है। तमाम उपायों के बावजूद भी लोग इस बात को तवज्जो नहीं देते और घिनौना कृत्य कर बैठते हैं। प्रदेश की सरकार या फिर केंद्र की सरकार पुलिसिंग को ऐसा चुस्त दुरुस्त रखे ताकि अपराधियों के हौसले पस्त हों।

**-ज़ाकिर घुरसेना -**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## सशक्त लोकतंत्र

पच्चीस नवम्बर तिथि है पावन
लोकतंत्र का पर्व लाई है।
राजस्थान के मतदाताओं में खुशी
की लहर छाई है।।
स्वच्छ छवि के प्रत्याशी को चुनने
की बारी आई है।
सशक्त बने लोकतंत्र हमारा हमने
कसम खाई है।।
जो पहली बार वोट करेंगे उनने
वोटर आई डी बनाई है।
मन मे दृढ़ विश्वास लिए बूथ पर
जाने की बारी आई है।।
चुनाव प्रक्रिया समझने की लालसा
जग आई है।
युवा मतदाताओं में मत देने की
खुशियां छाई है।।
0अस्सी साल या अधिक उम्र के
वोटर ने सुविधा पाई है।
घर बैठे मतदान कर मताधिकार
की सहूलियत पाई है।।
चालीस फीसदी या अधिक
दिव्यांग हैं जो मतदाता।
उनको भी होम वोटिंग की
सुविधा मिल आई है।।
कोविड ग्रस्त जो वोटर है वो घर
बैठे मतदान करेंगे।
चुनाव आयोग के इस फैसले से
देखो खुशियां छाई है।।



-शुभांगी शर्मा
भवानीमंडी
जिला झालावाड़
राजस्थान

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## भोले पार लगाते

राम-नाम की धुन में भोले,
देखो मन भर गाते हैं,
जीवन की हर राह बुहारें,
खुशियों से भर जाते हैं।
राम-नाम की ......
सबके जीवन में सपने हैं,
भोले पार लगाते हैं,
मन की सारी आशाओं में,
भोले जोड़ लगाते हैं।
राम नाम की .....
कोई कहता सुनते सबकी,
पर मन की ही करते हैं,
पर भोले तो बिना सुने ही,
इच्छा पूरी करते हैं।
राम नाम की .....
कदम-कदम श्वांसें को भरते,
भोले अंतर्यामी हैं,
जड़ और चेतन की दुनिया के,
भोले ही तो स्वामी हैं।
राम नाम की ......
आओ घट-घट डंका पीटें,
भोले की दीदारी का,
जीवन मेरा भोले से है,
भोले से ही यारी का ।
राम नाम की ....



कार्तिकेय त्रिपाठी राम
गांधीनगर,
इन्दौर,मध्यप्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## मोहब्बत खुदा की इबादत है

मोहब्बत इस जग में
खुदा की इबादत है
ये रब की मेहर और
उसकी इजाजत है
कमजर्फ़ है जो
इश्क को नापाक कहते है
प्रेमियों की खुदा ही
करता हिफाजत है
दिल से दिल का रिश्ता
अजीब होता है
मन की बातें तो
मन से महसूस होता है
पहुँच जाती सारी बातें
उन तक सभी
अंतर्मन का जो भी
अब सोच होता है
हमराह हो सच्चा तो
वो मशहूर होता है
वो कभी दिल से
हमारे कहाँ दूर होता है
जमाना लाख कोशिश करे
दूर करने की
दिल का रिस्ता
कभी ना कमजोर होता है
सबके नसीब मे कहाँ
अब प्यार होता है
मिलता उसे जो
सच्चा हकदार होता है
नाहक ही हम प्रेम को
बदनाम करते है
प्रेमियों पर तो रब भी
मेहरबान होता है



प्रमेशदीप मानिकपुरी
धमतरी
छत्तीसगढ़.

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# फरमान किसका...यहां गाड़ी खड़ा करने पर 200 रुपये जुर्माना,गाड़ी का हवा भी निकाल दिया जाएगा

» अस्पताल परिसर के शेड में टांगी गई अधिकारियों के पदनाम व सूचना की तख्ती




- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में वाहनों को खड़ा करने के लिए बने एक शेड में आम लोगों की नहीं बल्कि अधिकारियों की वाहन खड़ा रहेगी। इसके लिए बकायदा पदनाम की पट्टिका लगाई गई है। साथ ही एक सूचना की तख्ती टांग दी गई है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है। इसकी चर्चा इसलिए हो रही है क्योंकि इसमें उल्लेख किया गया है कि 'अन्य बाहरी व्यक्ति को यहां गाड़ी पार्किंग करने पर जुर्माना 200 रुपये लगेगा। यही नहीं गाड़ी का हवा भी निकाल दिया जाएगा, जिसके जिम्मेदार आप स्वयं होंगे।नीचे आदेशानुसार लिखा है, यह आदेश किसका है समझ से परे है।

इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन से चर्चा करने से यह तो स्पष्ट हो गया कि सीसीटीवी के दायरे में रहने वाले इस प्रमुख शेड के नीचे सिर्फ मेडिकल सुप्रीटेंडेंट, डिप्टी सुप्रीटेंडेंट व चार असिस्टेंट सुप्रीटेंडेंट की गाड़ियां सुरक्षित खड़ी रहेंगी। ऐसे में आम लोग या अस्पताल के अन्य कर्मचारी इस शेड का उपयोग नहीं कर पाएंगे। बताया जा रहा है कि हाल में एक निजी एंबुलेंस के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चालन करते हुए एक सुप्रीटेंडेंट व एक चिकित्सा अधिकारी की कीमती कार को ठोकर मार दी थी। इसमें एक चिकित्सक को डेढ़ लाख से अधिक की चपत लगी। दूसरे का काम तो हजारों में हो गया था। इसके बाद गाड़ियों को सुरक्षित रखने की कवायद शुरू हुई। अब यहां आम लोगों की नहीं बल्कि कुछ खास लोगों की वाहनों को ही खड़ा करने की अनुमति है। ऐसे में आम लोगों को सावधान रहना पड़ेगा, अन्यथा निःशुल्क इलाज का लाभ लेने के बाद उनकी जेब हल्की हो सकती है। हो सकता है तख्ती में उल्लेखित आदेश का पालन करते हुए गार्ड उनकी गाड़ियों का हवा भी निकाल दें।

*व्यवस्था सहूलियत के लिए बनाई गई है। हवा निकालने का उल्लेख नहीं करना था।*

**आरसी आर्या,चिकित्सा अधीक्षक**

*वाहनों को बेतरतीब खड़ा करने से दिक्कत होती है, इसलिए यह व्यवस्था बनाई गई है। हवा निकालने का उल्लेख इसलिए किया गया है ताकि लोग खुद सजग रहें।*

**अर्पण सिंह चौहान,सहायक चिकित्सा अधीक्षक**

# हाथी के डर से पेड़ पर मचान बनाकर रहने को मजबूर हैं ग्रामीण

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।



सरगुजा के कई ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों का आतंक है। आए दिन हाथी जान-माल के नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों का डर इस कदर है कि लोग अपने घर को छोड़कर पेड़ पर आसियाना बना रखा है। वहीं कई क्षेत्रों में लोग हाथियों के डर से रतजगा करने को मजबूर हैं।

जिले के उदयपुर व लखनपुर क्षेत्र में पिछले कई महीनों से हाथियों का दल उत्पात मचा रहा है। अब तक दर्जनों घरों व कई एकड़ फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ ग्रामीणों को कूचल कर मौत के घाट उतार चुका है। लखनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत घटोन में ग्रामीणों ने हाथियों के डर से पेड़ों पर मचान बनाकर रात गुजारने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दिन में तो वे अपने घरों में रहते हैं परन्तु शाम होते ही मचान में अपना आसियाना बना लेते हैं और चैन की नींद सोते हैं। क्योंकी उन्हें पता ही नहीं चलता कि कब किधर से हाथी आ जाएगा और फिर घर के साथ उनके परिजनों की भी जान संकट में पड़ जाती है।

वैसे भी उदयपुर-लखनपुर क्षेत्र में हाल ही में 13 हाथियों का दल काफी दिनों से सक्रिय है। इन सब वजहों से जमीन पर बने घर में रात बिताना अब ग्रामीणों को काफी जोखिम का काम लगता है ऐसे में अपनी सुरक्षा के लिए खुद ही उपाय बनाते हुए ग्रामीणों द्वारा पेड़ों पर मचान बनाकर रहा जाने लगा है जिससे हाथियों के आने पर कम से कम जान बच जाने की तो पूरी संभावना है भले ही घर टूट जाए, फसलें खराब हो जाए पर जान तो बच ही जाएगी। हालांकि अभी गांव के कुछ ही घरों में इस प्रकार से मचान बनाकर रहने की शुरूवात की गई है परन्तु आने वाले दिनों में इस गांव में ऐसे मचानों की संख्या बढ़ने की बात ग्रामीण भी मान रहे हैं क्योंकि जान सबको प्यारी है।



# चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर,29 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

पुलिस चौकी सलका उमेश्वरपुर पुलिस ने चोरी की एक बाइक के साथ आरोपी को खोपा से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। उमेश्वरपुर निवासी राजेश की बाइक क्रमांक सीजी 15 डी वाई 6184 को अज्ञात चोर द्वारा साप्ताहिक बाजार तारकेश्वरपुर से 27 अक्टूबर को चोरी कर ली गई थी। राजेश ने मामले की रिपोर्ट पुलिस चौकी सलका उमेश्वरपुर में दर्ज कराई थी। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी।विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली की एक युवक खोपा में बाइक बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। पुलिस मौके पर पहुंच के संदेही को हिरासत में लेकर बाइक के संबंध में पूछताछ की तो वह चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी सेवक दास ऊर्फ सागर पिता मोहन दास उम्र 21 वर्ष निवासी कुरूद थाना आरंग जिला रायपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी संदीप सिंह, विक्रम सिंह, मनोज जायसवाल, सुरेंद्र सिंह, राकेश सिंह पोर्ते, पीतांबर, विजय महंत, सैनिक रविंद्र सिंह सक्रिय रहे।



# अनिल सिंह बट्टर को मिला आब्जर्वर लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 29 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा के कार्य परिषद सदस्य व श्री शिवशंकर सिंह सेवा समिति के अध्यक्ष डा. अनिल सिंह बट्टर को आब्जर्वर पीस फाउंडेशन वाराणसी उत्तर प्रदेश के द्वारा आब्जर्वर लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया है। फाउंडेशन के ट्रस्टी डा. अमरज्योति सिंह व अध्यक्ष डा. अमर बहादुर सिंह ने यह अवार्ड प्रदान किया है। सामाजिक कार्यों में विशेष योगदान के लिए इन्हें यह अवार्ड फाउंडेशन की ओर से दिया गया है। बता दें श्री शिवशंकर सिंह सेवा समिति के माध्यम से सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों का संचालन अनिल सिंह बट्टर के द्वारा किया जाता है।

# भाजपा के हेलिकॉप्टर से सामरी विधानसभा पहुंचे कांग्रेस विधायक

## 31 अक्टूबर को भाजपा प्रवेश की संभावना प्रबल,प्रदेश प्रभारी रहेंगे मौजूद

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।



सामरी से कांग्रेस विधायक चिंतामणि महाराज के भाजपा प्रवेश की संभावनाओं को शुक्रवार को प्रसारित एक घटनाक्रम ने और हवा दे दी है। चिंतामणि महाराज के परिवार के सदस्यों के साथ श्रीकोट में हेलीकाप्टर उतारने की अनुमति भाजपा बलरामपुर उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी ने ली थी। उसी अनुमति के आधार पर छत्तीसगढ़ में भाजपा नेताओं द्वारा उपयोग किए जा रहे हेलीकाप्टर से चिंतामणि महाराज हेलीकाप्टर से कुसमी पहुंचे। उनके समर्थकों के साथ भाजपा के सामरी विधानसभा चुनाव संयोजक गौरी शंकर अग्रवाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता केदार गुप्ता सहित अन्य भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने शर्तों के साथ हेलीकाप्टर उतारने की अनुमति दे दी थी। यह पत्र इंटरनेट मीडिया में प्रसारित होते ही चिंतामणि महाराज के भाजपा प्रवेश की संभावनाएं बढ़ गई थी। शुक्रवार को चिंतामणि महाराज उसी हेलीकाप्टर से कुसमी पहुंचे जिसका उपयोग भाजपा नेता छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार अभियान के लिए कर रहे हैं।

भाजपा के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो चिंतामणि महाराज इसी महीने की 31 तारीख को अंबिकापुर में भाजपा प्रवेश करेंगे। इस दौरान भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओमप्रकाश माथुर भी शामिल होंगे। भाजपा के बलरामपुर जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी द्वारा कांग्रेस विधायक चिंतामणि महाराज के लिए हेलीकाप्टर उतारने की अनुमति ऐसे समय में ली गई थी जब टिकट कटने से नाराज चिंतामणि महाराज से मुलाकात के लिए पिछले दिनों भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल , भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदेव साय सहित अन्य पदाधिकारी भी पहुंचे थे। भाजपा की ओर से उन्हें सरगुजा लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाने का आफर दिया गया था जबकि चिंतामणि महाराज ने अंबिकापुर सीट से भाजपा की टिकट देने की मांग रखी थी हालांकि चिंतामणि के इस शर्त को भाजपा ने स्वीकार नहीं किया और नए प्रत्याशी को अंबिकापुर सीट से प्रत्याशी घोषित कर दिया है। इस राजनैतिक घटनाक्रम के बीच कांग्रेस के किसी पदाधिकारी द्वारा चिंतामणि महाराज के लिए हेलीकाप्टर उतारने की अनुमति नहीं लेना इस बात को हवा दे रहा है कि भाजपा अब उनके संपर्क में हैं। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी द्वारा भाजपा जिला उपाध्यक्ष बलरामपुर ओमप्रकाश सोनी के नाम जारी पत्र में 29 अक्टूबर की सुबह 11.30 बजे से दोपहर तीन बजे तक स्थान हाईस्कूल मैदान श्रीकोट में हेलीकाप्टर के द्वारा चिन्तामणी महाराज के अपने उपचार उपरांत रायपुर हॉस्पीटल से पत्नी रविकला देवी, पुत्री शारदा सिंह, पुत्र आशुतोष सिंह एवं पीएसओ के साथ श्रीकोट आश्रम अपने निवास स्थल में जाने के लिए हेलीकाप्टर उतारने एवं उड़ान भरने की अनुमति चाही गई है। इस पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने शर्तों के साथ अनुमति दी थी। उन शर्तों का पालन करते हुए हेलीकाप्टर

कालेज ग्राउंड कुसमी में रविवार को उतरा। वहां से वे श्रीकोट के लिए रवाना हुए।

# बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

राजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भदार स्थित मुख्य मार्ग पर 26 अक्टूबर की शाम को आने-सामने दो बाइकों की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे युवक की मौत इलाज के दौरान दो दिन बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हो गई। पनमेश्वर राम पिता राजनाथ कंवर उम्र 27 वर्ष शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पतराटोली का रहने वाला था। वह 26 अक्टूबर की शाम को गांव के ही कृष्णा पैकरा के साथ बाइक से अंबिकापुर से घर लौट रहा था। रास्ते में राजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भदार स्थित मुख्य मार्ग पर विपरित दिशा से आ रहे बाइक सवार से भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में कृष्णा पैकरा की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची राजपुर पुलिस ने गंभीर रूप से घायल पनमेश्वर राम को इलाज के लिए राजपुर अस्पताल भिजवाया और घटना की जानकारी परिजन को दी। सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई।

# कीटनाशक का सेवन कर युवक ने दी जान

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

लालमाटी निवासी एक युवक ने 28 अक्टूबर को अज्ञात कारण से कीटनाशक का सेवन कर लिया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बैजनाथ बरगाह पिता ननकू बरगाह उम्र 25 वर्ष अंबिकापुर के लालमाटी का रहने वाला था। 28 अक्टूबर को वह अज्ञात कारण से कीटनाशक का सेवन कर लिया था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# महामाया मंदिर से मंगलसूत्र चोरी,अब तक एफआईआर नहीं

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

शारदीय नवरात के अष्टमी तिथि पर महामाया मंदिर दर्शन करने गई महिला के गले से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मंगलसूत्र खींच लिया गया। महिला को पता चला तो वह इसकी जानकारी ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों व मंदिर समिति को दी। पर इनके द्वारा उसका कोई सहयोग नहीं किया गया। महिला के पति ने मामले की शिकायत 23 अक्टूबर को कोतवाली में की है। पर पुलिस द्वारा अब तक एफआईआर नहीं किया गया है।

जानकारी के अनुसार राकेश पांडेय गांधीनगर थाना क्षेत्र के महुआपारा फुंदुरडिहारी का रहने वाला है। शारदीय नवरात्र के अष्टमी तिथि पर राकेश पत्नी रंजना पांडेय के साथ महामाया मंदिर दर्शन करने गया था। दर्शन करने के दौरान पत्नी के गले से किसी अज्ञात चोर ने मंगलसूत्र खींच लिया। महिला कुछ देर बाद पता चला तो वह इसकी जानकारी मंदिर परिसर में ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों व मंदिर समिति को दी। पर इनके द्वारा कोई सहयोग नहीं किया गया। सीसीटीवी फुटेज तक भी नहीं देखा गया। परेशान होकर पीड़िता के पति राकेश पांडेय ने 23 अक्टूबर को मामले की शिकायत कोतवाली में की है। इसके बावजूद भी अब तक एफआईआर दर्ज नहीं किया गया है। इस मामले के कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर सीसीटीवी फुटेज दिखवाया गया है। पर ऐसा कोई मामला नहीं दिखा है।



# खेत से घर लौट रहा ग्रामीण हुआ सर्पदंश का शिकार,मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

खेत से वापस लौट रहा ग्रामीण सर्पदंश का शिकार हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ललू अयाम पिता फुलचंद अयाम उम्र 45 वर्ष बलरामपुर जिले के ललाती थाना क्षेत्र के ग्राम मुरका का रहने वाला था। वह 27 अक्टूबर को खेत से मक्का लेकर घर लौट रहा था। तभी रास्ते में उसके दोनों पैर में सांप ने डंस लिया। वह घर जाकर घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन उसे इलाज के लिए बलरामपुर अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# कांग्रेस प्रत्याशी केबिनेट मंत्री के गोदाम से उड़न-दस्ता दल ने जब्त किया साड़ी,छाता सहित अन्य सामान

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 29 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।





आदर्श आचार संहिता के बीच उड़न दस्ता दल ने सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के आदर्शनगर स्थित कांग्रेस प्रत्याशी के गोदाम में दबिश देकर बड़े पैमाने पर 1640 नग साड़ी, 384 नग छाता, स्पोर्ट्स शूज 555 नग, चांदनी 70 नग, बैट- बल्ला, फुटबाल सहित अन्य सामान बरामद किया। छाता में कांग्रेस प्रत्याशी और केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत का नाम भी छपा है। आशंका जताई जा रही है कि उक्त सामान को चुनाव के दौरान वितरण करने के लिए रखा गया था। ग्राम राधापुर बेरियर पारा में स्थित एक गोदाम से धोती और खाना बनाने का सेट जब्त किया गया है। उड़नदस्ता टीम ने उक्त सामान को जब्त कर सीतापुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। वहीं कुछ दिनों पूर्व उड़न दस्ता दल ने मैनपाट में 29 नग साड़ी लावारिस हालत में बरामद किया था, उस दौरान भाजपाइयों द्वारा आरोप लगाया गया था कि कांग्रेस प्रत्याशी के कार्यकर्ताओं द्वारा यह सामग्री महिला मतदाताओं को बांटा जा रहा था, उनकी सूचना पर ही उड़न दस्ता दल ने साड़ी जब्त किया था।

# झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री की उपस्थिति में भाजपा प्रत्याशी आज करेंगे नामांकन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।







सरगुजा जिले के तीनों विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी सोमवार को सामूहिक नामांकन दाखिल करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि अम्बिकापुर विधानसभा क्षेत्र से राजेश अग्रवाल, लण्ड्रा से प्रबोध मिंज व सीतापुर से रामकुमार टोप्पो द्वारा रैली निकालकर सामूहिक नामांकन दाखिल किया जाएगा। इस दौरान कला केंद्र मैदान में आम सभा भी होगी जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री झारखण्ड बाबूलाल मरांडी मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में भाजपा राष्ट्रीय मंत्री व भाजपा सरगुजा जिला चुनाव प्रभारी डॉ. आशा लकड़ा तथा भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी व राजमहल विधानसभा झारखंड के विधायक अनंत ओझा विशिष्ट अतिथि होंगे। नामांकन रैली सुबह 11 बजे अम्बिकापुर बसंत पेट्रोल पंप के सामने से एकत्रित होकर अग्रसेन चौक, जयस्तम्भ चौक, महामाया चौक, संगम चौक, घड़ी चौक होते हुए कलाकेंद्र मैदान में संपन्न होगी।

# भारतीय सेना को जल्द वापस लौटाएगा मालदीव,पद संभालने से पहले नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का एलान

**माले (मालदीव), 29 अक्टूबर 2023 ।** मालदीव की मदद के लिए भारत ने अपनी सेना भेजी है। इसी बीच नवनिर्वाचित राष्टपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि भारत की सेना को वापस लौटाना उनके देश की विदेश नीति की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार, मुइज्जू ने कहा कि मालदीव अपने तटों से भारतीय सैन्य कर्मियों को ÷जितनी जल्दी हो सके÷ वापस भेजने का प्रयास करेगा।

### 17 नवंबर को शपथ ग्रहण, सेना को लौटाना मुख्य नीति

बता दें कि पिछले महीने मालदीव के राष्टपति चुनाव में मौजूदा राष्टपति इब्राहिम सोलिह को मुइज्जू ने मात दी। चुने गए नए राष्टपति मोहम्मद मुइज्जू 17 नवंबर को पदभार ग्रहण करेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारतीय सेना को मालदीव से वापस भेजना उनके चुनाव अभियान की मुख्य नीति थी।

### सैनिकों की संख्या कम नहीं जीरो करने की नीति

उन्होंने कहा, मैं मालदीव से सैन्य कर्मियों को जल्द से जल्द वापस भेजने के विवरण पर काम करने के लिए भारत के साथ स्पष्ट और विस्तृत राजनयिक परामर्श करूंगा। उन्होंने कहा, यहां ध्यान सैन्य कर्मियों की वास्तविक संख्या पर नहीं है। मालदीव में भारत की सेना बिल्कुल भी नहीं होने पर है। हम भारत सरकार से चर्चा करेंगे और इसके लिए आगे का रास्ता निकालेंगे।



भारत के बदले दूसरे देशों के सैनिक भी नहीं बुलाएंगे

इससे पहले, मोहम्मद मुइज्जू ने कहा था कि वह मालदीव में तैनात भारतीय सैन्य कर्मियों को हटाने के अपने अभियान के वादे पर कायम रहेंगे।

उन्होंने कहा था, लोगों ने हमें बताया है कि वे यहां विदेशी सेना नहीं चाहते। मुइज्जू ने दोहराया था, ÷मालदीव में भारतीय विदेशी सैन्य उपस्थिति होती है।÷ उन्होंने कहा, हम ऐसा द्विपक्षीय संबंध चाहते हैं जो पारस्परिक रूप से लाभकारी हो। उन्होंने साफ किया कि भारतीय सैनिकों की जगह दूसरे देशों के सैनिकों को नहीं बुलाया जाएगा।

### चीन के करीबी माने जाते हैं मालदीव के नए राष्ट्रपति

रिपोर्ट्स के अनुसार मोहम्मद मुइज्जू ने ब्लूमबर्ग से कहा, हम सभी देशों से सहायता, सहयोग चाहते हैं। दरअसल, मुइज्जू को व्यापक रूप से चीन समर्थक के रूप में देखा जाता है। चुनावों में उनकी जीत के बाद, चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि देश ÷मालदीव के लोगों की पसंद का सम्मान करता है और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को बधाई देता है।

### मालदीव के साथ सहयोग पर चीन का बयान

चीन के विदेश मंत्रालय के अनुसार, चीन पारंपरिक मित्रता को मजबूत करने, पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग को गहरा करने और निरंतर नई प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए मालदीव के साथ काम करने को इच्छुक है।

# रैली में हिंसा के बाद बांग्लादेश में बढ़ा तनाव,तीन की मौत;विपक्षी पार्टी के शीर्ष नेता गिरफ्तार

**ढाका,29 अक्टूबर 2023।** बांग्लादेश में रविवार को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल के दौरान मुख्य विपक्षी बीएनपी और सत्तारूढ़ अवामी लीग के समर्थकों के बीच झड़प में तीन लोगों की मौत हो गई। मौजूदा हालात से जनवरी में होने वाले आम चुनाव से पहले बांग्लादेश में तनाव बढ़ गया है।



इस बीच बांग्लादेश पुलिस ने रविवार को मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी (बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी) के एक वरिष्ठ नेता को गिरफ्तार किया है। दरअसल यह गिरफ्तारी बीएनपी की रैली में भड़की हिंसा के एक दिन बाद हुई है, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। बता दें कि बांग्लादेश में अगले साल जनवरी में आम चुनाव होने हैं। आम चुनाव से पहले रैली में हुई हिंसा से देश में तनाव का माहौल है।

### अब तक चार लोगों की गई जान

पुलिस के मुताबिक, ढाका के मोहम्मदपुर इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत से गिरकर बीएनपी के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई। वह एक बस में आग लगाने के बाद भागने की कोशिश कर रहा था। हालांकि, बीएनपी नेताओं ने दावा किया कि मृतक रैली के बाद घर लौट रहा था, जब प्रतिद्वंद्वी अवामी लीग के कार्यकर्ता उसे इमारत में ले गए और उसे फेंक दिया गया।

पुलिस ने कहा कि उत्तर-पश्चिमी लालमोनिरहाट जिले में प्रतिद्वंद्वी दलों के प्रदर्शन के दौरान झड़प में अवामी लीग का एक कार्यकर्ता मारा गया। शहर के बाहरी इलाके डेमरा इलाके में अज्ञात बदमाशों ने एक बस में आग लगा दी, जिससे एक बस चालक के सहायक की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। इससे पहले शनिवार को ढाका के ककरैल इलाके में पुलिस और विपक्षी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प के दौरान घायल हुए पत्रकार रफीक भुइयां की रविवार को मौत हो गई।

### बीएनपी महासचिव गिरफ्तार

खबर के अनुसार, बांग्लादेश पुलिस ने बीएनपी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी आलमगीर के ढाका स्थित घर से हुई। बीएनपी ने शनिवार को ढाका में सरकार विरोधी रैली का आयोजन किया था। इस दौरान हिंसा भड़क गई, जिसमें एक पुलिसकर्मी और बीएनपी के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई। हिंसा में 200 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। घायलों में सुरक्षाकर्मी भी शामिल हैं।

### बांग्लादेश में चढ़ा राजनीतिक पारा

बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बीएनपी ने राजधानी ढाका में शनिवार को एक रैली आयोजित की। इस रैली में बीएनपी ने मांग की कि देश में निष्पक्ष चुनाव के लिए शेख हसीना पीएम पद से इस्तीफा दें। बीएनपी की रैली के जवाब में पीएम शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने भी शांतिपूर्ण रैली का आयोजन किया। बीएनपी की रैली में हिंसा भड़क गई। बीएनपी का आरोप है कि पुलिस ने जबरदस्ती कर उनकी रैली को खत्म करने की कोशिश की।

हिंसा के बाद बांग्लादेश में तनाव का माहौल है और पुलिस बीएनपी नेतृत्व के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। कई नेताओं को गिरफ्तार किया गया है। वहीं अवामी लीग ने हिंसा के जवाब में देशभर में शांतिपूर्ण रैलियां निकालने का एलान किया है। ढाका में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़े पैमाने पर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है।

# यहूदी विरोध व इस्लामोफोबिक हेट क्राइम पर यूके में सख्ती,स्कॉटलैंड यार्ड चीफ ने चरमपंथ पर कही यह बात

**लंदन,29 अक्टूबर 2023।** पश्चिमी एशिया में पिछले 29 दिनों से जारी युद्ध का असर यूरोपीय देश में भी हो रहा है। ब्रिटेन में यहूदी विरोध और इस्लामोफोबिक घृणा अपराध बढ़ने की खबरों के बीच स्कॉटलैंड यार्ड प्रमुख ने कहा है कि चरमपंथ के खिलाफ ब्रिटेन में सख्त कानून बनाए जाएंगे। स्कॉटलैंड यार्ड ने अपने अधिकारियों पर हमले के आरोप में कुल नौ लोगों को गिरफ्तार किया है।





ब्रिटेन के सबसे बड़े पुलिस बल के प्रमुख ने रविवार को कहा कि देश की सड़कों पर चरमपंथ से निपटने के लिए सख्त कानूनी उपाय किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि पश्चिम एशियाई शहर गाजा में इस्राइल और हमास के हिंसक संघर्ष के खिलाफ पूरे ब्रिटेन में मार्च निकाला गया।

चरमपंथ से निपटने के उपायों पर मेट्रोपॉलिटन पुलिस कमिश्नर मार्क रोवले ने स्काई न्यूज को बताया कि उनके अधिकारी घृणा अपराध करके ÷सीमा पार करने वाले÷ किसी भी व्यक्ति से सख्ती से निपटेंगे। उन्होंने कहा कि हेट क्राइम के आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ÷सख्ती से÷ काम कर रही है।

बता दें कि इस महीने की शुरुआत में मध्य पूर्व में संघर्ष तेज होने के बाद से ब्रिटेन में यहूदी विरोधी और इस्लामोफोबिक घृणा अपराधों में वृद्धि हुई है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि उसने इस महीने ब्रिटेन के यहूदी समुदायों के खिलाफ 408 यहूदी विरोधी अपराध दर्ज किए हैं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में दर्ज अपराधों की संख्या केवल 28 थी। इस्लामोफोबिक घृणा अपराध अक्टूबर 2022 में 65 थे जो अब 174 हो गए हैं।

पुलिस कमिश्नर मार्क रोवले ने कहा, मुझे लगता है कि इस देश में चरमपंथ से निपटने के तरीके में और अधिक सख्ती बरतने की गुंजाइश है। कानून कभी भी चरमपंथ से निपटने के लिए नहीं बनाया गया था।÷ उन्होंने कहा, ÷हमारे पास आतंकवाद से निपटने के लिए कानून है, हमारे पास घृणा अपराध से निपटने के लिए कानून है, हमारे पास उग्रवाद से निपटने के लिए कोई कानून नहीं है और यही अंतर पैदा कर रहा है।

रोवले का बयान ऐसे समय में आया है जब ब्रिटेन की गृह सचिव सुएला ब्रेवरमैन सहित सरकार के मंत्रियों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान जिहाद के नारों से संबंधित गिरफ्तारियों की कमी पर सवाल उठाए थे। बता दें कि पिछले सप्ताहांत फलस्तीन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन किए गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ब्रिटिश सरकार चरमपंथ की अपनी परिभाषा पर पुनर्विचार कर सकती है। सरकार को चिंता है कि मेट्रोपॉलिटन पुलिस प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पर्याप्त सख्ती नहीं दिखा पा रही है। सरकार का मानना है कि पुलिस की सख्ती की कमी के कारण देश में नफरत भड़काने की घटनाएं हो रही हैं।

रोवले ने कहा कि लंदन में हाल ही में फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों में कई अप्रिय दृश्य देखे गए, लेकिन मामले मुकदमा चलाने के स्तर के नहीं थे। उन्होंने स्काई न्यूज को बताया कि बड़े विरोध प्रदर्शनों के बीच कई बार कानूनी कार्रवाई नहीं होती। अगर घटनाएं मुकदमा चलाने लायक नहीं हैं तो सैकड़ों लोगों को गिरफ्तार करने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा, हम कानून के दायरे में मजबूती से कार्रवाई करेंगे। हम उपद्रवियों पर बिल्कुल दया नहीं दिखाएंगे। अगले हफ्ते या उसके आसपास कई और गिरफ्तारियां होंगी।

बता दें कि शनिवार को पूरे लंदन में हजारों लोगों ने मार्च निकाला। मैनचेस्टर, ग्लासगो, बेलफ़ास्ट और ब्रिटेन के अन्य शहरों में भी इसी तरह के विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शन में शामिल लोगों को फलस्तीनी झंडों और बैनरों के साथ देखा गया। इस्राइल-हमास संघर्ष में 9000 से अधिक लोगों की मौत के बीच प्रदर्शनकारी हिंसा समाप्त करने की अपील कर रहे हैं।

# गौरीशंकर अग्रवाल ने फीता काटकर भाजपा कार्यालय का किया शुभारंभ





**- संवाददाता -**
**कुसमी,29 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के मंडल कुसमी में भाजपा के वरिष्ठ एवं सामरी विधानसभा चुनाव संचालक गौरीशंकर अग्रवाल ने आगामी चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक के लिय कार्यालय का फीता काटकर शुभारंभ किया, वही भारत माता की छाया चित्र की पुजा अर्चना भी की गई।कार्यक्रम में आगामी चुनाव को लेकर पदाधिकारी गण और भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच चुनाव को लेकर आपसी चर्चा भी की गई,साथ ही कार्यकर्ताओं को चुनावी सामग्री देकर उन्हें विधानसभा चुनाव में अच्छा कार्य करने के लिय भी कहा गया,कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल ,बालेश्वर नायक,आनंद जायसवाल ने भी संबोधित किया,बहरहाल ऐसा माना जाता है की चुनाव जीतकर अपना विधायक बनाना पदाधिकारीयो एवं कार्यकर्ताओं के लिय एक बहुत बड़ी उपलब्धि होती है कार्यकर्ताओं को राजनीति क्षेत्र में आगे बढ़ने का एक अवसर भी चुनाव से मिलता है।आज के इस मंडल कार्यालय के शुभारंभ कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता बलीबेचन गुप्ता ,गोवर्धन पैकरा ,विनोद गुप्ता ,भरत सेन सिंह ,प्रदीप गुप्ता, दिलीप गुप्ता ,सत्येंद्र गुप्ता , विवेक यादव, अतुल जायसवाल ,राकेश भगत, त्रिलोचन सिंह, इंद्रदेव निकुंज, राजेश्वर गुप्ता, प्रीतम गुप्ता, जितेंद्र भगत ,लक्ष्मण राम ,लक्ष्मण पैकरा, सुनील नाग ,अंबिकेश्वर पैकरा ,शिव प्रसाद गुप्ता , विभिन्न बुथ के अध्यक्ष सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता गण शामिल रहे।

# कांग्रेस के प्रत्याशी टीएस सिंहदेव को जारी किया गया नोटिस

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर, 29 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने के संबंध में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर के इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी टीएस सिंहदेव को नोटिस जारी किया गया है। रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर ने बताया कि आवेदक आलोक दुबे द्वारा शिकायत को संज्ञान में लिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त प्रत्याशी द्वारा आधिकारिक सोशल मीडिया फेसबुक अकाउंट में बिना अनुमति स्वास्थ्य विभाग एवं अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज, चिकित्सकों एवं चिकित्सकीय सुविधाओं का प्रचार-प्रसार किया गया है। साथ ही शासकीय योजना के प्रचार में चुनाव चिन्ह प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने नोटिस में कहा है कि विधानसभा क्षेत्र 10 अम्बिकापुर में आदर्श आचार संहिता दिनांक 09 अक्टूबर 2023 से लागू है, परंतु पार्टी का चुनाव चिन्ह का प्रयोग करते हुए व्यक्तिगत उपलब्धियों को दर्शाने के लिए शासकीय संस्था का प्रयोग किया गया है, जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। प्रत्याशी को एक दिवस के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।



# मतदान केंद्रों के संचालन हेतु मतदान दलों के अधिकारियों का प्रशिक्षण जारी

### तृतीय चरण के प्रशिक्षण का आयोजन 08 नवम्बर से

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,29 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु मतदान दलों के प्रथम चरण के प्रशिक्षण के पश्चात पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण शुक्रवार से जारी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन रविवार को सक्षम मतदान केंद्र हेतु दिव्यांग मतदान दलों एवं युवा पोलिंग बूथ हेतु मतदान दलों के पीठासीन अधिकारी एवं सभी मतदान अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण लाइवलीहुड कॉलेज के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर डॉ दीपक सिंह, डॉ आनन्द कुमार, श्री संजीव लकड़ा तथा डॉ नीलाभ कुमार ने मतदान प्रक्रिया, ईवीएम सीलिंग, मॉक पोल, विभिन्न सूचना प्रपत्र आदि की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।







प्रशिक्षण में सक्षम मतदान केंद्र हेतु कुल 30 तथा युवा पोलिंग बूथ हेतु कुल 51 पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रथम चरण प्रशिक्षण के बाद किसी भी प्रकार की शंका एवं समस्याओं को दूर किया गया तथा ईव्हीएम का हैंड्स ऑन ट्रेनिंग करवाया गया। इसके साथ ही पीपीटी के माध्यम से आवश्यक जानकारियां दी गई। इसी प्रकार 30 अक्टूबर को अम्बिकापुर ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों के द्वितीय चरण प्रशिक्षण का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में, 31 अक्टूबर को अम्बिकापुर शहरी क्षेत्र में कार्यरत पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों के द्वितीय चरण प्रशिक्षण का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में, 01 नवम्बर को लखनपुर विकासखण्ड में कार्यरत पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लखनपुर में, 02 नवम्बर को लुण्ड्रा विकासखण्ड में कार्यरत पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में, 03 नवम्बर को उदयपुर विकासखण्ड में कार्यरत पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय उदयपुर झिरमिट्टि में होगा। वहीं तृतीय चरण के प्रशिक्षण का आयोजन 08 नवम्बर से किया जाएगा, जिसमें विधानसभावार मतदान दलों को प्रशिक्षित किया जाएगा। लुण्ड्रा विधानसभा में कार्यरत समस्त पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों को 08 नवम्बर को होलीक्रॉस हिंदी मीडियम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर में प्रशिक्षण दिया जाएगा, सीतापुर विधानसभा में कार्यरत समस्त पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों को 09 नवम्बर को कार्मेल हायर सेकेंडरी स्कूल अम्बिकापुर में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी प्रकार अम्बिकापुर विधानसभा एवं सरगुजा जिले से सम्बंधित भटगांव विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत समस्त पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों को 10 नवम्बर को होलीक्रॉस सीनियर सेकेंडरी कॉन्वेंट स्कूल अम्बिकापुर में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

CMYK

# बैकुंठपुर विधायक साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी दिखने लगीं हड़बड़ाहट में...

# प्रचार की जल्दबाजी में हो रही उनसे गलती




## रूठों को मनाने कांग्रेस प्रत्याशी की नई रणनीति नए-नए तरीके कर रहीं इजाद

### पटना को नगर पंचायत बनाए जाने को लेकर था जिनका विरोध उन्हे ही बता रहीं हैं नगर पंचायत के विचार का सूत्रधार

### जल्दबाजी में सूत्रधार के उपनाम में भी कर दिया बदलाव...सिंह से सिंहदेव की दे डाली उपाधि

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 29 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

बैकुंठपुर विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी जो वर्तमान विधायक भी हैं की चुनाव को लेकर हड़बड़ाहट देखी जा रही है जिसमे उनसे गलतियां भी हो रही हैं। कांग्रेस प्रत्याशी अपने पक्ष में कांग्रेस जनों सहित क्षेत्र के मतदाताओं को करने के लिए नए नए तरीके इजाद कर रही हैं जो कहीं पर रूठों को मनाने के हिसाब वाले हैं तो कहीं पर वह आगे के लिए नई नई उम्मीद लोगों में जगाना चाहती हैं जिससे लोग उनके पक्ष में आ सकें। इस बीच वह गलतियां भी कर रहीं हैं जिससे उनका अभियान असफल होता नज़र भी आ रहा है,ऐसा ही एक उनका प्रयास सामने आया है जिसमे उन्होंने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पटना क्षेत्र निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता को मनाने का प्रयास किया है जिसमे उन्होंने उन्हे श्रेय देने की कोशिश करते हुए उन्हें अपने पक्ष में लाने का प्रयास किया है और श्रेय भी उस मामले में जिस मामले में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष का हमेशा विरोध देखा गया है और जो आज भी कायम है वहीं इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी ने उनके उपनाम में भी बदलाव कर दिया है और उन्हे सिंहदेव की उपाधि दे डाली है। कांग्रेस प्रत्याशी की यह हड़बड़ाहट फिलहाल लोगों के बीच चर्चा का विषय है और लोग इसे जल्दबाजी की गलती मान रहे हैं और यह कहते सुने जा रहे हैं की शायद ही यह तरीका कारगर साबित हो क्योंकि नाराज को मनाने के चक्कर में उसका नाम ऐसे मामले में शामिल बता देना जिसका वह विरोध करता हो इसका विपरीत ही प्रभाव पड़ेगा जो तय है।




### ● नगर पंचायत पटना मामले में यवत सिंह थे जब सूत्रधार,उनके बिना अकेले विधायक ने क्यों ग्रामीणों से कर लिया आभार स्वीकार,यह भी पूछ रहे लोग

नगर पंचायत पटना के लिए विधायक यवत सिंह को सूत्रधार बता रही हैं वहीं वह उन्हे श्रेय देने की कोशिश कर रही हैं,वहीं नगर पंचायत की घोषणा को लेकर पटना में जब आभार प्रकट करने का कार्यक्रम आयोजित हुआ तब यवत सिंह न तो मंच पर नजर आए और न सामने की कतार में ,भाजपा नेताओं के साथ विधायक ने ग्रामीणों का आभार स्वीकार किया वरिष्ठ कांग्रेसियों को भी उन्होंने याद नहीं किया,बताया जाता है कार्यक्रम आभार का भी उनके ही कुछ खास समर्थकों ने आयोजित किया था जिसमे विधायक की सहमति थी और अन्य किसी कांग्रेस नेता को बुलाने की मनाही,हुआ भी वैसा ही बड़ी उपलब्धि जिसे आज विधायक चुनाव के वक्त यवत सिंह के नाम से जोड़ रही हैं यही बात उन्हे आभार ग्रहण करते समय क्यों नहीं समझ में आई याद आई क्यों नहीं उन्होंने यवत सिंह को भी सम्मान सहित बुलाया यह लोग पूछ रहे हैं,लोगों का कहना है की यह चुनावी मामला है विधायक को पद में रहते हुए आभार लेने के दौरान वरिष्ठ नेताओं की याद नहीं आई अब वह उन्हे याद करके उन्हें मनाने की कोशिश कर रही हैं जबकि जब पद में थीं मंच पर वह अकेले ही रहना पसंद करती आई यह भी बात लोग कह रहे हैं।

### ● पांच साल की उपेक्षा के बाद याद आई यवत सिंह की विधायक को

बैकुंठपुर विधायक की सोशल मीडिया बैनर जिसमे यवत सिंह को लेकर उन्हे मनाने को लेकर एक श्रेय उन्हें देने का प्रयास किया गया है को लेकर अब यह भी बात सामने आ रही है की पांच साल की उपेक्षा के बाद विधायक को उनकी याद आई है वरना पांच सालों में उनके पास जाकर कभी विधायक उनका हाल चाल लेने का प्रयास नहीं की

### ● एक सोशल मिडिया बैनर जिसमे कांग्रेस प्रत्याशी की हड़बड़ाहट नजर आई

कांग्रेस प्रत्याशी की हड़बड़ाहट एक सोशल मिडिया बैनर को लेकर दिखी,बैनर में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता यवत सिंह को खुद के समर्थन में लाने का प्रयास देखा जा रहा है जिसमे उन्हे पटना को नगर पंचायत घोषित कराए जाने के लिए सूत्रधार बताया जा रहा है जबकि यवत सिंह नगर पंचायत के विरोध में थे हैं और शायद रहेंगे भी। कांग्रेस प्रत्याशी का बैनर यह बताता है की वर्ष ,2003 में यवत सिंह ने ही पटना को नगर पंचायत बनाए जाने की मांग की थी जो अब संभव पा रहा है वहीं जो वर्तमान विधायक के कार्यकाल की उपलद्धि है।

### ● पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के बहाने अपनी उपलब्धि बताने का भी एक प्रयास है विधायक का...कांग्रेस प्रत्याशी का...

सोशल मीडिया के एक बैनर के अनुसार बैकुंठपुर विधायक साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी यह भी बताना चाहती हैं की पटना नगर पंचायत की घोषणा उनके कार्यकाल उनके अथक प्रयास का नतीजा है ,वहीं वह पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष को इसका सूत्रधार इसलिए बता रही हैं जिससे वह भी गदगद हो जाएं और पटना क्षेत्र के लोगों को भी यह समझ में आ जाए की सूत्रधार यवत सिंह थे घोषणा विधायक की देन है और दोनो में बेहतर सामंजस्य है।

### ● सोशल मिडिया पोस्ट पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष को मनाने एक प्रयास,श्रेय देकर उन्हें पक्ष में करने का उपक्रम

सोशल मिडिया में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष को एक श्रेय दे रहीं हैं,जिसमे वह उन्हे पटना को नगर पंचायत बनाए जाने के पीछे सूत्रधार बता रही हैं,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वर्तमान में नाराज चल रहे हैं विधायक सहित कांग्रेस प्रत्याशी से ,माना जा रहा है श्रेय में उन्हे उलझाकर विधायक साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी अपने पक्ष में करना चाहती हैं और यह एक उपक्रम मात्र है रूठे हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष को मनाने का।

### ● पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष यवत सिंह का उपनाम भी सोशल मीडिया में बदला गया दी गई सिंहदेव की उपाधि

विधायक साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष यवत सिंह को सोशल मीडिया में श्रेय देने का प्रयास किया है,यह उन्हे मनाने का प्रयास है यह सभी मान रहे हैं,वहीं इस बैनर में यवत सिंह को सिंहदेव की उपाधि दे दी गई है यह हड़बड़ी का मामला है या उपाधि ही दी गई यह भी आपस में चर्चा कर रहे लोग,वैसे इसे हड़बड़ी में गड़बड़ी का मामला ही माना जा रहा है।

## भाजपा ने बैकुंठपुर विधानसभा के लिए चुनाव संचालक किया नियुक्त, लक्ष्मण राजवाड़े को मिली जिम्मेदारी

### पार्टी के प्रति समर्पित भाव का मिला इनाम,पार्टी ने बढ़ाया कद,दिया सम्मान,प्रत्याशी की दौड़ में खुद शामिल लक्ष्मण राजवाड़े ने प्रत्याशी घोषित होने से पूर्व ही किया था ऐलान,पार्टी उनकी दावेदारी बाद का विषय, भाजपा ने भी माना ऐसे कार्यकर्ताओं के भरोसे ही पार्टी है विशाल,दी बड़ी जिम्मेदारी

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,29 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।



भाजपा ने छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रत्येक विधानसभा के लिए चुनाव संचालकों की नियुक्ति की है जिनके निर्देशन में चुनाव संपन्न होंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रत्येक विधानसभा के लिए अलग अलग संचालकों की नियुक्ति की है जिसमे बैकुंठपुर विधानसभा के लिए भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी लक्ष्मण राजवाड़े को पार्टी ने जिम्मेदारी दी है जो खुद टिकट की दौड़ में थे विधानसभा बैकुंठपुर से। लक्ष्मण राजवाड़े भाजपा से प्रबल दावेदार होने के बावजूद पार्टी के प्रति समर्पित रहने की घोषणा कर चुके थे वहीं वह यह कह चुके थे की पार्टी प्रथम है उसके बाद उनकी दावेदारी है पार्टी जिसे भी प्रत्याशी बनाएगी उसके लिए वह मन से काम करेंगे उनकी यही भावना शायद पार्टी के बड़े नेताओं को भा गई और उन्हे चुनाव संचालक की जिम्मेदारी पार्टी ने दे दी। लक्ष्मण राजवाड़े भाजपा के उन नेताओं में शामिल हैं बैकुंठपुर विधानसभा के जो अपने साफ छवि के लिए जाने जाते हैं,त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था अंतर्गत पंचायत क्षेत्र की राजनीति से उन्होंने अपना राजनीतिक सफर शुरू किया और आज भाजपा कोरिया के कद्दावर नेताओं में उनकी गिनती होती है,हंसमुख मिलनसार लक्ष्मण राजवाड़े क्षेत्र के लोगों के बीच भी खासे लोकप्रिय हैं उन्हे लोग इसलिए भी पसंद करते हैं क्योंकि वह राजनीति को एक अलग अंदाज से लेकर उसके साथ अपने जीवन का सामंजस्य स्थापित करते हैं। सभी से मिलना जुलना धीर गंभीर रहकर सभी के बीच अपनी राय रखना उग्रता से बचना उनकी खासियत है,मंचो से भाजपा की रीति नीति का प्रचार करना वहीं बेवजह के वार्तालापों से बचना उनकी खासियत है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने यही देखकर उनकी नियुक्ति चुनाव संचालक के रूप में की है माना जा रहा है। लक्ष्मण राजवाड़े भाजपा के उन नेताओं में से एक हैं जो स्वार्थ से परे हटकर राजनीति करने के विचार के साथ राजनीति में जुड़े हुए हैं,कार्यकर्ता उनसे काफी जुड़ाव महसूस करते हैं वहीं सभी से घुल मिल जाना उनकी खासियत है। लक्ष्मण राजवाड़े को पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है इस बार विधानसभा से भईयालाल राजवाड़े भाजपा प्रत्याशी हैं उनकी जीत सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है जिसके लिए उन्हें अपने समाज को तो साधना ही है प्रत्याशी के पक्ष में वहीं उन्हे अन्य समाज को भी पक्ष में लाना है भाजपा प्रत्याशी पार्टी के पक्ष में यह वह बेहतर ढंग से कर सकते हैं ऐसा माना जाता है।

## सूदखोर कांग्रेसी पार्षद ने अपने साथी को टीआई बनाकर कॉलरीकर्मी को धमकाया

## पुलिस ने की कार्यवाही तो नगर पालिका अध्यक्ष पति पहुंचे बचाने

### पार्षद को बचाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष पति ने थाने में लगा दी भीड़ फिर भी पुलिस ने नहीं सुनी जाना पड़ा पार्षद को जेल

### कांग्रेस पार्षद ब्याज के लिए किया करता था कॉलरीकर्मी को प्रताड़ित

### पुलिस ने शिवपुर चरचा नगर पालिका कांग्रेस पार्षद को किया गिरफ्तार वर्तमान विधायक के खास व नगर पालिका अध्यक्ष पति बचाने के लिए पहुंचे थाने






-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,29 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

ब्याज का काम करने वाले सूदखोर कांग्रेसी पार्षद ने एक कालरीकर्मी को ब्याज में पैसा देने के बाद टीआई बनाकर मोबाइल से फोन कर जमकर प्रताड़ित किया। इसकी शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी पार्षद को गिरफ्तार कर लिया है।

इस सम्बंध में पीड़ित कॉलरीकर्मी गोराचन्द्र पिता कार्तिक राम चरचा विवेकानन्द कालोनी ने बताया की वह दो वर्ष पूर्व अपने पैतृक गांव गोबरा जिला जांजगीर में घर बनवा रहा था, तब नगरपालिका शिवपुर-चरचा के वार्ड 02 के प्रदीप राजवाड़े पार्षद से दो लाख रूपये दस प्रतिशत मासिक दर से लिया था। हम दोनों के बीच एक साल में पैसा वापस होने का बातचीत हुआ था। पैसा लेते समय प्रदीप राजवाड़े मुझसे एक सादा स्टाम्प पेपर में दस्तखत करवाकर रख लिया तथा मेरे ग्रामीण बैंक के खाता का एक ब्लैंक चेक मेरा हस्ताक्षर करवाकर रख लिया था। करीब पन्द्रह दिन बाद पार्षद प्रदीप राजवाड़े मुझसे पांच लाख रूपये की मांग करने लगा तब मैं उसे बोला कि हर माह ब्याज का पैसा तथा मूलधन चुकता कर दूंगा, परन्तु प्रदीप राजवाड़े मेरे घर आकर मुझे आये दिन धमकी देता है मुझे डयुटी में आते जाते जहां भी मिलता तो धमकी देता है कि मेरा पैसा ब्यास सहित दस लाख रूपये वापस कर दो नही तो तुम्हारे दोनों लड़कों को झुठे केश में फंसा कर उनका कैरियर बरबाद कर दूंगा। दिनांक 04.09.2023 को मेरे ग्रामीण बैंक के चेक से एक लाख दस हजार रूपये प्रदीप राजवाड़े आहरण कर लिया तथा दिनांक 05.09.2023 को प्रदीप राजवाड़े मेरा लड़का राजू सिदार के फोन नम्बर 9340965091 में प्रदीप राजवाड़े मोबाईल नं. 7879502694 से फोन कर मुझे तथा मेरे छोटे लड़के का कैरियर बर्बाद करने का धमकी दिया था। उसे दिन दोपहर 02:09 मिनट पर मेरा लड़का राजू सिदार के मोबाईल नं. 9340965091 में मोबाईल नं. 8279438883 से फोन आया जो अपने आप को टीआई साहब बताते हुये धमकी दिया कि तुम्हारे पिताजी प्रदीप राजवाड़े का दस लाख रूपये वापस नही कर रहें हैं, अगर पैसा वापस नही करोगे तो केश बना दूंगा। तब ब्याज सहित कोर्ट में बीस लाख रूपये देना पड़ेगा। तब ब्याज सहित कोर्ट में बीस लाख रूपये देना पड़ेगा। तब से मैं तथा मेरा परिवार काफी डरे हुये है प्रदीप राजवाड़े दिनांक 12.10.2023 को मुझे घर आकर पुनः डराया धमकाया तब मेरा लड़का योगेश कुमार फोन-पे से दस हजार रूपये ट्रांसफर किया था। प्रदीप राजवाड़े दिनांक 07.09.23 को मेरे घर आकर तत्काल पांच लाख रूपये देने को धमका रहा था। दिनांक 26.10.2023 को शाम 06:30 बजे प्रदीप राजवाड़े मेरे घर आकर मुझे तथा मेरे बच्चों को डरा धमका कर तत्काल पांच लाख रूपये ब्याज का देने को बोल रहा था कि अगर पैसा नही दोगे तो तुमको बर्बाद कर दूंगा। जिससे मैं तथा मेरे परिवार वाले काफी डरे हुये हैं। प्रदीप राजवाड़े मुझे कर्ज के जाल में मुझे फंसा लिया है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी पार्षद को भादवि की धारा 120 बी, 419, 452, 506, 66 डी के अंतर्गत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### कांग्रेसी पार्षद को पहचाने नगर पालिका अध्यक्ष पति पहुंचे थाने

मामले में पार्षद को जब पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और सूचना सार्वजनिक हुई शिवपुर चरचा नगरपालिका अध्यक्ष के पति थाने पहुंच गए उन्होंने पुलिस से पार्षद को बचाने का पूरा प्रयास किया। इस दौरान अध्यक्ष पति ने थाने में भीड़ भी जुटा ली जिससे पुलिस को भी परेशानी का समाना करना पड़ा वहीं लोगों को यह कहते सुना गया की अध्यक्ष पति यदि किसी निर्दोष को बचाने आते तो शायद बात अच्छी कही जाती एक सूदखोर को बचाने वह थाने गए भीड़ जुटाया इसको लेकर लोगों की प्रतिक्रिया अध्यक्ष पति के खिलाफ सुनी गई।

### विधायक को भी बुलाया गया, आचार संहिता लगा हुआ है जिसे लेकर वह नहीं पहुँची:सूत्र

सूत्रों की माने तो इस दौरान पार्षद को बचाने विधायक को भी बुलाने खबर किया गया लेकिन विधायक आचार संहिता लगे होने के कारण नहीं पहुंची और पुलिस ने भी पार्षद को छोड़ने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई।

### भीड़ को देखते हुए चरचा थाने ने आरोपी को शिफ्ट कराया पटना थाने

जब पार्षद को गिरफ्तार कर पुलिस थाना चरचा लाया गया तब नगरपालिका अध्यक्ष पति भी थाने पहुंच गए थाने में उन्होंने भीड़ जुटा दी जिससे पुलिस को भी कार्यवाही के दौरान दिक्कतें आने लगीं वहीं बताया जाता है की पुलिस ने भी दिमाग लगाया और आरोपी पार्षद को पुलिस थाना पटना भेज दिया और कागजी कार्यवाही अपने थाने में करते रहे।

मनेंद्रगढ़ कांग्रेस प्रत्याशी की तैयारी दिखी कमजोर,गुलाब कमरों के सहारे बचाई अपने नामांकन में संख्या बल को लेकर इज्ज़त, रैली में छोटी सी जीप में चढ़ने परेशान दिखे नेता

# क्या अपने विधानसभा में गुलाब कमरों की स्थिति नहीं है अच्छी

गुलाब कमरों की नामांकन रैली में बैकुंठपुर से भी पहुंचे लोग,कुछ कर्मचारी भी शामिल हुए दूर से रैली में:सूत्र

## जो उन्होंने जुटाई बैकुंठपुर के भरोसे भीड़ ?

गुलाब कमरों की रैली में संख्या बल जुटाने बैकुंठपुर के लोगों ने भी सम्हाला था जिम्मा इसलिए भी भीड़ दिखी अपार

### बैकुंठपुर से भी पहुंचे कांग्रेसी,कर्मचारी भी पहुंचे निश्चित दूरी बनाकर दिया गुलाब कमरों की रैली को समर्थन:सूत्र

एमसीबी जिले में दो विधानसभाओं के लिए नामांकन रैली हुई आमसभा हुई और नामांकन दाखिल किया कांग्रेस के दो प्रत्याशियों द्वारा जो दो अलग अलग विधानसभाओं के लिए नामांकन थीं,इस दौरान बैकुंठपुर से भी बड़ी मात्रा में कांग्रेसी नामांकन रैली में शामिल होने एमसीबी पहुंचे,कुछ कर्मचारी भी पहुंचे ऐसा भी सूत्रों का कहना है,कर्मचारी जहां एक निश्चित दूरी बनाकर रैली के समर्थन में नज़र आए वहीं बैकुंठपुर से पहुंचे कुछ ने मंच पर भी अपनी जगह बनाई। कुल मिलाकर बैकुंठपुर से एमसीबी पहुंचकर कांग्रेस प्रत्याशियों को समर्थन देने बैकुंठपुर वालों को उत्साहित देखा गया जो वहां पहुंचे थे उन्हे।

### विधानसभा अध्यक्ष सहित क्षेत्रीय सांसद भी रहीं मौजूद,कांग्रेस के दो विधानसभा प्रत्याशियों के लिए मांगा आमसभा में समर्थन भी

एमसीबी जिले में जिले के दो विधानसभाओं के लिए नामांकन दाखिल किया गया 27 अक्टूबर को,भरतपुर सोनहत सहित मनेंद्रगढ़ विधानसभा के पार्टी घोषित प्रत्याशियों के नामांकन के लिए विधानसभा अध्यक्ष सहित क्षेत्रीय सांसद की उपस्थिति भी जिले में देखी गई। दोनों ने नामांकन रैली में भी शिरकत की आमसभा को भी संबोधित किया वहीं नामांकन दाखिल कराकर वह वापस लौटे।

### मनेंद्रगढ़ विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी संख्या बल में दिखे कमजोर,भरतपुर सोनहत क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में पहुंचे लोगों ने बचाई लाज

एमसीबी जिले में दो विधानसभा के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों का नामांकन कार्यक्रम जिसमे रैली सहित आमसभा भी शामिल थी आयोजित था,इस दौरान संख्या बल को लेकर मनेंद्रगढ़ के कांग्रेस प्रत्याशी कमजोर नजर आए उनके साथ काफी कम समर्थक नजर आए वहीं भरतपुर सोनहत से प्रत्याशी के समर्थन में जुटी भीड़ ने उनकी भी लाज बचा ली वरना वह अकेले यह आयोजन करते काफी कमजोर और असफल आयोजन साबित होता उनका आयोजन यह भी लोग कहते सुने गए।

### क्या भरतपुर सोनहत क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी नहीं जुटा पाए अपेक्षित भीड़ इसलिए उन्हे लेना पड़ा उन्हे बैकुंठपुर का सहारा ?

एमसीबी जिले में कांग्रेस प्रत्याशियों की नामांकन रैली में बैकुंठपुर से भी लोग पहुंचे यह लोग भरतपुर सोनहत विधानसभा से घोषित कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में एमसीबी पहुंचे थे और नामांकन कार्यक्रम की सफलता के लिए जिम्मेदारी सम्हाले हुए थे जैसा सूत्रों का कहना है। बैकुंठपुर से एमसीबी जाकर भरतपुर सोनहत कांग्रेस प्रत्याशी की नामांकन रैली को सफल बनाने को लेकर अब यह भी सवाल उठ रहे हैं की क्या कांग्रेस प्रत्याशी को अपने विधानसभा क्षेत्र से अपेक्षित समर्थन नहीं मिल सका लोगों का जो उन्हे बैकुंठपुर से भी समर्थक बुलाने पड़े।

### बैकुंठपुर के कई कांग्रेस नेताओं ने भी पहुंचकर रैली को विशाल स्वरूप प्रदान करने में की मदद





-रवि सिंह-
एमसीबी,29 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

27 अक्टूबर को नवीन जिले एमसीबी में कांग्रेस पार्टी की नामांकन रैली हुई साथ ही जिले के दो विधानसभाओं के लिए पार्टी से घोषित प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया,इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष भी उपस्थित रहे क्षेत्रीय सांसद भी उपस्थित रहीं और इन्हीं दोनों के नेतृत्व में नामांकन रैली निकाली गई वहीं नामांकन दाखिल किया गया। इस दौरान आमसभा भी हुई जिसे सभी नेताओं संबोधित किया और अबकी बार 75 पार का नारा दोहरा कर पार्टी के संकल्प को सबके सामने रखा। एमसीबी नवीन जिले की नामांकन रैली कांग्रेस की अच्छी भीड़ वाली रैली मानी गई और इस रैली आमसभा में उपस्थित लोग गुलाब कमरों के समर्थन में पहुंचे थे और भरतपुर सोनहत विधायक साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी के लिए ही ज्यादा लोग जुटे थे यह देखा गया, मनेंद्रगढ़ से घोषित कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में बहुत ही सीमित लोग इस दौरान पहुंचे थे उन्हे काफी कम समर्थन मिलता दिखा क्षेत्र से यह भी चर्चा सुनी गई वहीं यह भी बताया जा रहा है की भरतपुर सोनहत विधायक साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी की जुटाई गई संख्या में मनेंद्रगढ़ के कांग्रेस प्रत्याशी की संख्या बल को लेकर दिखी कमजोरी छिप गई और उनका भी नामांकन एक अच्छी भीड़ के बीच ही संपन्न हो सका।

भरतपुर सोनहत विधायक सहित कांग्रेस प्रत्याशी की नामांकन रैली काफी विशाल थी जैसा बताया जा रहा है तस्वीरों से भी नजर आ रहा है वहीं यह भी सूत्रों का कहना है की यह रैली ऐसे ही विशाल नहीं हुई इसमें केवल भरतपुर सोनहत विधानसभा के ही लोग शामिल नहीं थे इस रैली को सफल बनाने में बैकुंठपुर के लोगों का काफी सहयोग भरतपुर सोनहत विधायक और कांग्रेस प्रत्याशी को मिला यह भी बताया जा रहा है वहीं बैकुंठपुर से कर्मचारियों ने भी जाकर रैली को वृहद बनाने में मदद की यह भी सूत्रों का दावा है। वैसे बैकुंठपुर से एमसीबी कांग्रेस प्रत्याशियों की नामांकन रैली में लोगों के पहुंचने को लेकर यह भी चर्चा है की क्या भरतपुर सोनहत क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी साथ ही विधायक को भीड़ जुटाने में परेशानी हुई क्या वहां उन्हे बढ़िया समर्थन नहीं मिल पाया जिस वजह से उन्हे बैकुंठपुर से भी लोगों को बुलाना पड़ा,वैसे सवाल का जवाब तो बैकुंठपुर से एमसीबी जाने वाले देंगे तभी समझ में आएगा की वह गुलाब कमरों के व्यक्तिगत संबध उनके व्यक्तित्व के कारण उनकी नामांकन रैली में पहुंचे या उन्होंने बुलावे पर जाना निश्चित किया वैसे बात जो भी हो बैकुंठपुर से एमसीबी पहुंचकर गुलाब कमरों समर्थकों ने यह भी साबित कर दिया की अभी भी कोरिया जिले का एमसीबी जिले से खासा लगाव है और वह अभी खुद को अलग नहीं मानते और इस तरह अब भाजपा प्रत्याशी पर बाहरी होने का भी वह आरोप लगाने से पिछड़ जायेंगे क्योंकि उनका भी मायका कोरिया जिले में है इस तरह उनका भी लगाव भरतपुर सोनहत से कायम ही रहेगा जैसा बैकुंठपुर वालों का एमसीबी से गुलाब कमरों की रैली में लगाव देखा गया।



### रैली में छोटी सी जीप में चढ़ने परेशान दिखे नेता,दो प्रत्याशी विधानसभा अध्यक्ष के चढ़ते ही भरी नजर आई जीप-

एमसीबी जिले में दो विधानसभाओं के लिए नामांकन रैली के दौरान कांग्रेस पार्टी की तरफ से जो जीप प्रत्याशियों के लिए रैली में मंगवाई गई थी वह काफी छोटी थी,जीप में दो प्रत्याशी सहित विधानसभा अध्यक्ष के चढ़ते ही जगह नहीं बची वहीं अन्य पार्टी नेता जीप में चढ़ने परेशान दिखे। सभी को यह लग रहा था उनकी भी फोटो जीप वाली कैमरे में कैद हो जाए लेकिन वह नहीं हो सका।

### कोरिया के लोगों का दिखा एमसीबी के लिए अपनापन,दूसरे जिले के विधानसभा प्रत्याशियों की नामांकन रैली में शिरकत करते नजर आए कोरिया वाशी

एमसीबी जिले में कांग्रेस प्रत्याशियों की नामांकन रैली में बैकुंठपुर के लोगों का शामिल होना देखा गया,कोरिया जिले के लोगों का वहां पहुंचना यह बता गया की जिला विभाजन के बाद भी उनका मनेंद्रगढ़ सहित जिले के अन्य क्षेत्र से पहले जैसा लगाव है लोगों से लगाव है। अभी भी यहां के लोग एमसीबी से जुड़ाव अपनत्व का रखते हैं। अब ऐसे में यह भी साबित हो गया की भाजपा प्रत्याशी को लेकर बाहरी वाला मामला भी शांत हो जायेगा क्योंकि वह भी मूलतः कोरिया जिले की ही बेटी हैं और ऐसे में उनका लगाव क्षेत्र से बना रहेगा है जिसे नकारा नहीं जा सकता।

## राज्य की सबसे उंची चोटी पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

### गौरलाटा में 15 हजार से अधिक मतदाताओं ने विशाल मानव श्रृंखला बनाकर ली मतदान की शपथ,मतदाता जागरूकता अभियान में जिले ने बनाये 02 वर्ल्ड रिकार्ड





-संवाददाता-
बलरामपुर,29 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा स्वीप नोडल श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के तहत् जिले में लगातार कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जिले के मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत्-प्रतिशत् मतदान हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत् छत्तीसगढ़ की सबसे ऊंची चोटी गौरलाटा में विभिन्न आयुवर्गो के मतदाताओं द्वारा विशाल मानव श्रृंखला बनाकर अवश्य मतदान करने का संदेश दिया गया। इस मतदाता जागरूकता अभियान में जिले के 15 हजार से अधिक मतदाताओं सबसे बड़े मानव श्रृंखला का निर्माण कर बलरामपुर-रामानुजगंज जिले का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराया।

छत्तीसगढ़ राज्य के सिरमौर पर स्थित बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में स्थित राज्य की सबसे उंची चोटी गौरलाटा(उंचाई 1225 मीटर) में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। विकासखण्ड कुसमी के ग्राम पंचायत इदरीपाट से प्रातः 09.00 बजे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, वनमण्डलाधिकारी श्री विवेकानन्द झा की अगुवाई में जिले के लगभग 15 हजार से अधिक विभिन्न वर्गो के मतदाताओं, जिनमें दिव्यांग एवं 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ लगभग 12 किलोमीटर की दुर्गम एवं पथरीले मार्ग से पैदल चलकर राज्य की सबसे उंची चोटी गौरलाटा पर्वत की चढ़ाई की तथा सबसे ऊंची चोटी पहुंचकर हर आयु वर्ग के मतदाताओं ने आगामी विधानसभा निर्वाचन में ''छोड़हूं बुता काम-करहूँ पहिले मतदान'' के नारे के साथ अवश्य मतदान करने की शपथ ली तथा विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण कर मतदाता जागरूकता का संदेश भी दिया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एक्का ने कहा कि मैं अपील करूंगा कि उसी उत्साह के साथ लोग आगामी निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करें।

### गौरलाटा में बनाये गये मानव श्रृंखला को भी वर्ल्ड रिकार्ड में मिला स्थान

इसी प्रकार स्वीप कार्यक्रम के तहत् आज गौरलाटा में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान में लगभग 15 हजार से अधिक लोगों ने शामिल होकर सबसे बड़े मानव श्रृंखला का निर्माण करते हुए एक नया इतिहास रचा है। जिसके पश्चात् बलरामपुर-नरामानुजगंज जिले को मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में चलाये गये हस्ताक्षर अभियान और सबसे बड़े मानव श्रृंखला अभियान को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की स्टेट हेड श्रीमती सोनल राजेश शर्मा द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेना जमील, अपर कलेक्टर द्वय, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी रा. कुसमी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुसमी सहित जिला/ब्लॉक स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में हर आयुवर्ग के मतदाता एवं स्कूली छात्र-छात्रायें उपस्थित थे। गौरतलब है कि स्वीप कार्यक्रम के तहत् मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिवस जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया था, जिसमें एक ही दिन में 03 लाख 94 हजार मतदाताओं ने अपना हस्ताक्षर कर मतदान करने की शपथ ली थी। इस अभियान को आज गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।



## हरदी बाजार पुलिस ने अवैध पटाखों के विरुद्ध की कार्रवाई

-संवाददाता-
कोरबा,29 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

जिला पुलिस अधीक्षक कोरबा जितेन्द्र शुक्ला द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर अवैध गतिविधियों/अवैध विस्फोटक पदार्थ पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रॉबिंसन गुड़िया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हरदीबाजार नितिन उपाध्याय के नेतृत्व में हरदीबाजार स्टाफ द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य मे दिनांक 28.10.2023 को मुखबिर सूचना पर ग्राम बोईदा में लीलाधर पटेल के घर रेड कार्यवाही की गई । जहाँ आरोपी लीलाधर पटेल पिता दिलहरण लाल पटेल के कब्जे से 08 खाखी रंग के कार्टून में विभिन्न कंपनी का पटाखा जुमला कीमती लगभग 1,00,000 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र. 251/2023 धारा 9 (ख) विस्फोटक पदार्थ अधिनियम पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किया गया ।

## ईव्हीएम मशीन का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

-संवाददाता-
कोरबा 29 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

कलेक्टोरेट परिसर में स्थित ईव्हीएम वेयर हाउस में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने ईव्हीएम मशीन, व्ही.व्ही.पैट, मशीन के कमीशनिंग प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने ईव्हीएम मशीनों को सुरक्षित रखने हेतु एहतियात बरतने, आईटी कॉलेज के स्ट्रांग रूम में सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे, डिप्टी कलेक्टर सरोज महिलांगे सहित निर्वाचन विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।




## एनटीपीसी समूह ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में 212 बिलियन यूनिट का किया उत्पादन

-संवाददाता-
कोरबा,29 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

एनटीपीसी समूह ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में 212 बिलियन यूनिट का उत्पादन किया, जबकि पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही में यह 204 बिलियन यूनिट था। 23-24 की पहली छमाही में एनटीपीसी का स्टैंडअलोन सकल उत्पादन 179 बिलियन यूनिट है, जबकि पिछली अवधि में यह 176 बिलियन यूनिट था। एनटीपीसी कोयला स्टेशनों ने वित्त वर्ष 23-24 की पहली छमाही के दौरान राष्ट्रीय औसत 68.75त्न के मुकाबले 76.62त्न का प्लांट लोड फैक्टर हासिल किया। स्टैंडअलोन आधार पर, वित्त वर्ष 23-24 की पहली छमाही के लिए एनटीपीसी की कुल आय ? 81,199 करोड़ है, जबकि पिछली अवधि की कुल आय 82,537 करोड़ थी। वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही के लिए कर पश्चात लाभ (पीएटी) 7,951 करोड़ रुपये है, जबकि वित्त वर्ष 22-23 की पहली छमाही में यह 7,048 करोड़ रुपये था, जिसमें 13प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह वृद्धि काफी हद तक क्षमता वृद्धि और उच्च स्टेशन उपलब्धता के कारण है। समेकित आधार पर, वित्त वर्ष 23 -24 की पहली छमाही के लिए समूह की कुल आय 88,775 करोड़ है, जबकि पिछली अवधि की कुल आय 88,242 करोड़ थी। वित्त वर्ष 22-24 की पहली छमाही के लिए समूह का कर पश्चात लाभ (पीएटी) 9,634 करोड़ है, जबकि पिछली अवधि का पीएटी 7,396 करोड़ था, जो 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024 के लिए पहले अंतरिम लाभांश को भुगतान की गई शेयर पूंजी के 22.5 प्रतिशत की दर से मंजूरी दे दी है। ?2.25 प्रति इक्विटी शेयर जिसका अंकित मूल्य 10/- प्रत्येक है।

# वनडे वर्ल्ड कप 2023 में भारत की लगातार छठी जीत

» वर्ल्ड कप में इंग्लैंड को 20 साल बाद हराया

» डिफेंडिंग चैंपियन 129 पर ऑलआउट, शमी को 4 विकेट

**लखनऊ,29 अक्टूबर 2023।** भारत ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 में लगातार छठी जीत हासिल की है। टीम ने इंग्लैंड को 100 रन से हराया। टीम इंडिया ने वर्ल्ड कप में इंग्लैंड को 20 साल बाद हराया है। टीम आखिरी बार 2003 में डरबन के मैदान पर 82 रन से जीती थी।

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में टीम इंडिया ने टॉस हारकर बल्लेबाजी की और 50 ओवर में 9 विकेट पर 229 रन बनाए। 230 रन का टारगेट चेज करने उतरी इंग्लैंड की टीम 34.5 ओवर में 129 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

इंग्लिश बैटर भारतीय गेंदबाजी के सामने लड़खड़ाते नजर आए। मोहम्मद शमी ने 4 और जसप्रीत बुमराह ने 3 विकेट झटके। जबकि कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा की स्पिन जोड़ी ने 3 बैटर्स को पवेलियन भेजा।

पॉइंट्स टेबल में टॉप पर आया भारत इंग्लैंड को 100 रन से हराकर भारत पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गया। टीम सभी 6 मुकाबले जीतकर 12 अंकों के साथ नंबर-1 पर है। दूसरी ओर इंग्लैंड की टीम 10वें नंबर पर ही है। टीम को 6 में से एक ही मुकाबले में जीत मिली है।

### अच्छी शुरुआत के बाद इंग्लैंड ने पावरप्ले में गंवाए 4 विकेट, रूट-स्टोक्स के डक

230 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम की शुरुआत अच्छी रही। 4 ओवर में टीम ने 26 रन बना लिए थे, मोहम्मद सिराज के 2 ओवर में तो 18 रन बन गए। लेकिन 5वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने लगातार गेंदों पर डेविड मलान और जो रूट के विकेट लेकर भारत को ब्रेक-थ्रू दिलाया।

बुमराह के बाद अगले ही ओवर में मोहम्मद शमी बॉलिंग करने आ गए। उन्होंने ओवर में 3 रन दिए, अगला ओवर मेडन रहा। स्पेल कंटीन्यू कर रहे शमी ने 8वें ओवर की आखिरी गेंद पर बेन स्टोक्स को बोल्ड कर दिया। 9वां ओवर में बुमराह ने फिर मेडन फेंका और 10वें ओवर की पहली गेंद पर शमी ने जॉनी बेयरस्टो को बोल्ड कर दिया।

4 ओवर में 26/0 से इंग्लैंड का स्कोर 10 ओवर में 40 रन पर 4 विकेट हो गया। शमी और बुमराह ने दोनों ने 2-2 विकेट लिए। बेयरस्टो ने 14 और मलान ने 16 रन बनाए, वहीं रूट और स्टोक्स तो खाता भी नहीं खोल सके।

### भारत ने इंग्लैंड को वर्ल्ड कप में सबसे छोटा टारगेट दिया, रोहित की फिफ्टी

भारतीय टीम ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 229 रन पर बनाए। यह भारतीय टीम का वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में सबसे छोटा स्कोर है। इससे पहले टीम ने 1999 में बर्मिंघम के मैदान पर 8 विकेट पर 232 रन बनाए थे।




लखनऊ के इकाना स्टेडियम में डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लिया। भारतीय टीम से कप्तान रोहित शर्मा ने सबसे ज्यादा 87 रन बनाए। केएल राहुल ने 39 रन की पारी खेली। उनसे पहले, शुभमन गिल 9, विराट कोहली 0 और श्रेयस अय्यर 4 रन बनाकर आउट हुए। इंग्लिश टीम से डेविड विली ने तीन विकेट लिए। आदिल रशीद और मार्क वुड ने 2-2 विकेट लिए।

### रोहित शर्मा के 18 हजार रन पूरे

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के इंटरनेशनल क्रिकेट में 18 हजार रन पूरे हो गए हैं। रोहित ने 457वीं पारी में यह अचीवमेंट हासिल की है। वे भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-5 खिलाड़ियों में शामिल हो गए। इस क्लब में सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, राहुल द्राविड़ और सौरव गांगुली के नाम हैं।

रोहित-राहुल ने संभाली भारतीय पारी, अय्यर खराब शॉट पर आउट; रोहित डीआरएस से बचे

पावरप्ले में 2 विकेट गंवाने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने संभलकर बल्लेबाजी की। टीम ने बीच के 20 ओवर में 96 रन बनाए और श्रेयस अय्यर का विकेट भी गंवाया।

वोक्स के जाल में फंसे अय्यर, 4 रन बनाकर आउट : 12वें ओवर की 5वीं बॉल पर श्रेयस अय्यर 4 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें क्रिस वोक्स ने शार्ट पिच बॉल डाली, जिस पर अय्यर के बल्ले का टॉप एज लगा और मार्क वुड ने कैच पकड़ा। इस बॉल से पहले गेंदबाज ने कप्तान से कह कर फील्ड चेंज करवाई थी। यानी कि वोक्स ने पहले ही शार्ट पिच बॉल डालने का मन बना लिया था। यह देखने के बाद भी अय्यर ने इस बॉल पर पुल शॉट खेला।

डीआरएससे बचे रोहित शर्मा, थर्ड अंपायर ने फैसला पलटा :भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 16वें ओवर में आउट होते-होते बचे। उन्हें फील्ड अंपायर ने मार्क वुड की बॉल पर एलबीडब्ल्यू दे दिया। ऐसे में रोहित ने डीआरएस की मांग की। बाद में वीडियो देखने के बाद थर्ड अंपायर ने फील्ड अंपायर का फैसला पलट दिया।

**रोहित की फिफ्टी :** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 24वें ओवर में फिफ्टी पूरी की। उन्होंने केएल राहुल के साथ 111 बॉल पर 91 रन की पार्टनरशिप की। इस पार्टनरशिप ने भारत की बिखरी पारी को संभाला।

### पावरप्ले में खराब रही भारत की शुरुआत, गिल-कोहली सस्ते लौटे

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने पहले 10 ओवर में 35 रन बनाने में शुभमन गिल और विराट कोहली के विकेट गंवा दिए। गिल 9 और कोहली जीरो पर आउट हुए। 27 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद इंग्लैंड के गेंदबाजों ने टीम पर लगातार दबाव बनाए रखा।

## मेदवेदेव ने सितसिपास को हराकर वियना फाइनल में प्रवेश किया

**वियना,29 अक्टूबर 2023।** डेनियल मेदवेदेव ने सीज़न की व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 64वीं टूर-स्तरीय जीत अर्जित की, जब उन्होंने दीर्घकालिक प्रतिद्वंद्वी स्टेफानोस त्सित्सिपास को 6-4, 7-6(6) से हराकर लगातार दूसरे वर्ष वियना ओपन फाइनल में प्रवेश किया।

एटीपी टूर की रिपोर्ट के अनुसार, मेदवेदेव ने एक घंटे और 44 मिनट के बाद अपने 36वें टूर-लेवल फाइनल और सीजन के नौवें स्थान पर पहुंचने के लिए केवल 10 अप्रत्याशित गलतियां कीं और सभी तीन ब्रेक प्वाइंट बचाए।



27 वर्षीय, जिसने ग्रीक के खिलाफ अपनी एटीपी हेड2हेड श्रृंखला में 9-4 का सुधार किया, अब 2023 में टूर पर कार्लोस अलकराज (63-9) को पीछे छोड़ते हुए सबसे अधिक जीत दर्ज की है।

जब वह रविवार के फाइनल में जानिक सिनर या एंड्री रुबलेव से भिड़ेंगे तो उनका लक्ष्य अपनी 65वीं जीत और सीज़न का छठा खिताब हासिल करना होगा।यदि मेदवेदेव वियना में सफलतापूर्वक जीत हासिल करते हैं, तो यह एटीपी टूर पर उनका पहला सफल खिताब बचाव होगा। उन्होंने 20 टूर-स्तरीय एकल खिताब जीते हैं लेकिन कभी भी एक भी प्रतियोगिता एक से अधिक बार नहीं जीती है।

रॉटरडैम और दुबई में ट्रॉफी जीतने के बाद, मेदवेदेव साल का अपना तीसरा एटीपी 500 खिताब और हार्ड कोर्ट पर तीसरा खिताब जीतने की कोशिश कर रहे हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में वह ग्रिगोर दिमित्रोव और करेन खाचानोव के खिलाफ तीन सेट के टेस्ट में बचे रहे लेकिन त्सित्सिपास के खिलाफ अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब दिखे।

## हर्काज ने स्विस इंडोर फाइनल में प्रवेश किया,ऑगर-अलियासिमे ने रूण को हराया

**बासेल ,29 अक्टूबर 2023।** हबर्ट हर्काज़ नेउगो हम्बर्ट को 6-4, 3-6, 7-6(5) से हराकर स्विस इंडोर्स बासेल फाइनल में प्रवेश कर लिया।

इस जीत ने विश्व नं.11 को प्रेरित किया और हर्काज़ ने सीज़न के लिए एटीपी रेस टू ट्यूरिन में नौवां स्थान हासिल करते हुए टेलर फ्रिट्ज़ को पीछे छोड़ दिया। इससे वह होल्गर रूण और आठ सदस्यीय एटीपी फाइनल्स के लिए कट से केवल एक स्थान दूर रह गए हैं।

एटीपी टूर रिपोर्ट के अनुसार इस महीने की शुरुआत में शंघाई मास्टर्स खिताब जीतने वाले हर्काज़ साल का अपना तीसरा, एटीपी 500 स्तर पर दूसरा (हाले, 2022) और कुल मिलाकर आठवां खिताब चाहते हैं।

फाइनल में हर्काज़ का मुकाबला कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे से होगा। 23 वर्षीय कनाडाई ने होल्गर रूण को 6-3, 6-2 से हराकर पिछले साल इसी प्रतियोगिता में खिताब जीतने के बाद अपने पहले फाइनल में प्रवेश किया।

ऑगर-अलियासिमे अपने पिछले 12 मैचों में से केवल चार जीतकर बासेल पहुंचे, लेकिन एटीपी 500 इवेंट में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब दिख रहे हैं। रूण के खिलाफ एक ऑल-एक्शन प्रदर्शन में, उन्होंने 83 मिनट के बाद वर्ष की अपनी पहली शीर्ष 10 जीत हासिल करने के लिए डेन की सर्विस को चार बार तोड़ा।

रूण ने एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में बासेल को हर्काज़ से 215 अंक आगे रहते हुए छोड़ा। यदि पोल रविवार को ट्रॉफी जीतता है तो वह उस अंतर को घटाकर केवल 15 अंक कर सकता है।

## युवा क्रिकेटर पर लगा जन्म तिथियों के साथ कई जन्म प्रमाण-पत्र जमा करने के लिए दो साल का प्रतिबंध






**नयी दिल्ली,29 अक्टूबर 2023।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने जम्मू के रहने वाले युवा क्रिकेटर वंशज शर्मा पर अलग-अलग जन्म तिथियों के साथ कई जन्म प्रमाण पत्र जमा करने के लिए दो साल का प्रतिबंध लगाया है।

शर्मा मूल रूप से जम्मू के बिश्नाह के रहने वाले हैं लेकिन वह बाद में बिहार चले गए थे और अभी वहां के राज्य संघ के तहत खेल रहे थे।

जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ (जेकेसीए) के प्रमुख ब्रिगेडियर अनिल गुप्ता ने कहा, ''वह वर्तमान में बिहार क्रिकेट संघ के साथ है। वह जेकेसीए के खिलाड़ी नहीं है।''

उन्होंने यहां जारी भी विज्ञप्ति में कहा,''वह पहले अंडर 19 खिलाड़ी के रूप में हमारे यहां पंजीकृत था। वह कभी जेकेसीए की तरफ से नहीं खेला। वह बाद में बिहार क्रिकेट संघ से जुड़ गया था और उसने अपनी जन्मतिथि के गलत प्रमाण पत्र दिए थे। बीसीसीआई ने उसे पकड़ लिया और कई जन्म प्रमाण पत्र देने के लिए उसे प्रतिबंधित कर दिया। ''

विज्ञप्ति में कहा गया है कि शर्मा दो साल तक बीसीसीआई के किसी भी टूर्नामेंट में भाग नहीं ले सकता। उस पर प्रतिबंध 27 अक्टूबर से लागू होगा।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 1 विकेट से हार के बावजूद आफरीदी ने पाकिस्तान टीम का समर्थन किया

**नयी दिल्ली,29 अक्टूबर 2023।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद आफरीदी ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 1 विकेट से हार के बावजूद पाकिस्तान टीम का समर्थन करते हुए उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की।

शाहिद आफरीदी ने चिन अप कहते हुए अपने विचार व्यक्त करने के लिए एक्स (पहले ट्विटर) का सहारा लिया। आफरीदी ने चेन्नई की भीड़ को भी उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया जिसने उन्हें 1999 टेस्ट की याद दिला दी।

थ्रिलर CWC23 का बेसब्री से इंतज़ार था! हार्ड लक लड़कों, किसी भी अन्य दिन, चीजें आपके अनुरूप होतीं। एक विकेट की हार विनाशकारी होती है, लेकिन आपको अपना हौसला बनाए रखना होगा क्योंकि आपने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और अंत तक बहादुरी से लड़े।

चेन्नई की भीड़ के लिए तालियों की गड़गड़ाहट। मुझे 1999 के टेस्ट में उनके जबरदस्त समर्थन की याद दिला दी।






आफरीदी ने शुरुआत में पिछड़ने के बावजूद हार के जबड़े से जीत निकालने के लिए दक्षिण अफ्रीका को बधाई भी दी।

हार के जबड़े से जीत निकालने के लिए दक्षिण अफ्रीका को बधाई।

दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज़ों ने पाकिस्तान को 46.4 ओवरों में 270 रनों पर आउट कर दिया, जिससे दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज़ों की घबराहट भरी जीत संभव हो सकी, क्योंकि प्रोटियाज़ ने छह मैचों में अपनी पांचवीं जीत हासिल की और 2.032 के बेहतर नेट रन रेट पर भारत से आगे निकलकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। भारत के 1.353 के मुकाबले, जिसके भी पांच जीत से 10 अंक हैं।

पाकिस्तान के लिए, वनडे विश्व कप 2023 में उनका सफर लगभग खत्म हो गया है, जब तक कि कोई चमत्कार नहीं हो जाता। 6 मैचों में 4 हार के साथ वह सेमीफाइनल की उम्मीद के लिए दूसरों पर निर्भर छठे स्थान पर है।

## आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए वर्ल्ड कप की टॉप 7 टीमें करेंगी क्वॉलिफाई

**इस्लामाबाद,29अक्टूबर 2023।** वनडे वर्ल्ड कप 2023 के लीग स्टेज की समाप्ति के बाद पाकिस्तान समेत टॉप 7 टीमें 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वॉलिफाई करेंगी। बता दें कि, 2025 चैंपियंस ट्रॉफी का मेजबान पाकिस्तान होगा।

दरअसल, ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वॉलिफिकेशन सिस्टम को आईसीसी बोर्ड ने 2021 में तब मंजूरी दी थी, जब 2024-31 के साइकिल के दौरान आठ टीमों वाले चैंपियंस ट्रॉफी की फिर से वापसी कराने का फैसला हुआ था। ये अपडेट कुछ क्रिकेट बोर्ड के लिए हैरानी करने वाला है, इनमें वे दोनों बोर्ड भी शामिल हैं जिनकी टीमें भारत में वर्ल्ड कप खेल रही हैं और कुछ जो इस वनडे वर्ल्ड कप में जगह बनाने से चूक गए थे। इन क्रिकेट बोर्ड का कहना है कि वे इस बात से अनभिज्ञ थे कि उन्हें 2025 चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने का मौका





इस वर्ल्ड कप के जरिए 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने की योग्यता दांव पर लगी है।

जिसका सीधा सीधा मतलब है कि, वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे और आयरलैंड जैसे पूर्ण सदस्य देशों को 2023 वनडे वर्ल्ड कप में जगह नहीं मिली थी। वहीं अब तक नहीं मिलेगा।

ये अपडेट तब सामने आया जब बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर टिप्पणी की, जिससे संकेत मिला है कि उन्हें कम से कम पता था कि योग्यता दांव पर थी।

## उचित मार्गदर्शन मिले तो लड़कियां कमाल कर सकती हैं

**पणजी,29 अक्टूबर 2023।** बिहार की महिला रग्बी टीम ने गोवा में 37वें राष्ट्रीय खेलों में अपने वजन से ऊपर उठकर रजत पदक जीता और उनके श्रीलंकाई कोच दुलंजना विजयसिंघे को लगता है कि यह सिर्फ शुरुआत है।

बिहार वास्तव में एक मजबूत रग्बी संस्कृति के लिए नहीं जाना जाता है, लेकिन गुणवत्तापूर्ण कोचों में निवेश करने वाले एसोसिएशन के साथ तेजी से प्रगति कर रहा है। राष्ट्रीय खेलों की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उन्होंने पहले टीम के साथ काम करने के लिए दो दक्षिण अफ्रीकी जोंड्रे नाउड और कीनो को काम पर रखा था और एक मजबूत टीम बनाने के लिए विजयसिंघे को राष्ट्रीय खेलों से 20 दिन पहले लाया गया था। और परिणाम सबके सामने हैं। उनकी पुरुष टीम ने पहली बार राष्ट्रीय खेलों के लिए क्वालीफाई किया और छठे स्थान पर रही, जबकि महिला टीम फाइनल में पावरहाउस ओडिशा से 7-12 से हार गई। परिणाम को महत्वपूर्ण बनाने वाली बात यह है कि बिहार टीम में सिर्फ एक खिलाड़ी स्वेता साई थीं, जिनके पास राष्ट्रीय टीम का अनुभव था।

## सिद्धार्थ मल्होत्रा-कियारा आडवाणी पहले करवा चौथ से पहले दिल्ली के लिए रवाना हुए



सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की शादी इसी साल 7 फरवरी को राजस्थान में हुई थी। अत्यधिक प्रशंसित जोड़ी ने अक्सर अपने मधुर सोशल मीडिया पीडीए और सार्वजनिक उपस्थिति से अपने प्रशंसकों और अनुयायियों का ध्यान खींचा है। और आज, जैसे ही करवा चौथ नजदीक आया, बॉलीवुड की 'आईटी' जोड़ी, सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी को दिल्ली के लिए रवाना होते हवाई अड्डे के बाहर देखा गया।

सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी करवा चौथ मनाने के लिए एक साथ दिल्ली गए

आज, 29 अक्टूबर को, कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा को हवाई अड्डे के बाहर देखा गया क्योंकि वे दोनों शादी के बाद अपना पहला करवा चौथ मनाने के लिए दिल्ली में सिद्धार्थ के घर जा रहे थे। सुरक्षा जांच की ओर हाथ में हाथ डालकर चलते हुए प्रेमी पक्षी सफेद रंग में रंग गए। किआरा सफेद रंग के क्रॉप टॉप के साथ फ्लेयर्ड ब्लू पैंट और स्टाइलिश कैप में खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने अपने बालों को खुला रखा और नो-मेकअप लुक चुना। इस बीच, सिद्धार्थ सफेद स्वेटशर्ट के साथ फीके ग्रे रंग की पैंट और नीले जूते में स्मार्ट लुक में नजर आए।

## मैं भावनात्मक रूप से प्रभावित हुईः पायल राजपूत

पायल राजपूत ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म मंगलावरम का निर्माण कार्य पूरा किया है, जो अजय भूपति द्वारा निर्देशित एक मनोवैज्ञानिक देहाती थ्रिलर है, जिसके साथ उन्होंने पहले अपनी पहली फिल्म आरएक्स100 में काम किया था। वह अपनी पहली फिल्म से ही उनके साथ काम करना चाहती थीं।पायल कहती हैं, जब अजय ने मुझे मंगलावरम की कहानी सुनाई, तो मेरी तुरंत प्रतिक्रिया 'वाह' थी। मैं इस सम्मोहक कहानी की ओर आकर्षित हुई क्योंकि यह कोई नियमित मसाला कहानी नहीं है। यह बहुत अपरंपरागत है।÷

अभिनेत्री इस बात पर जोर देती हैं कि निर्देशक का नजरिया हमेशा अलग होता है। और अनोखी कहानी सुनने के बाद, पायल को तुरंत पता चल गया कि इस कठिन किरदार को निभाने के लिए उसे कितना कुछ छोड़ना पड़ा। वह कहती हैं, ÷मैं वास्तव में ऐसी कठिन भूमिका की तलाश में थी जहां मुझे एक अभिनेता के रूप में चुनौती मिले।÷ उन्होंने आगे कहा कि इस समय वह इससे बेहतर फिल्म नहीं चुन सकती थीं।



पायल ने एक अंतर्मुखी देहाती लड़की शैलू का किरदार निभाया है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, उसके बारे में कुछ अजीब चीजें सामने आती हैं क्योंकि उसे जीवन के कई पहलुओं पर परखा जाता है। टीज़र में उन्हें कुछ साहसी दृश्यों में दिखाया गया है।

हालाँकि, उनका दावा है कि दर्शक आजकल कच्चे और देहाती प्रदर्शन के साथ वैकल्पिक सिनेमा का स्वागत करते हैं।

उन्होंने टिप्पणी की, मैं बोल्ड और डरावने दृश्य करने से डरती नहीं थी क्योंकि वे कहानी कहने का हिस्सा हैं। इसके अलावा एक अभिनेता के रूप में मुझे सभी भूमिकाएं करने के लिए तैयार रहना चाहिए। फिल्म में, मासूमियत से आत्म खोज तक की मेरी यात्रा बहुत दिलचस्प है।÷ .

फिल्म काले जादू और अन्य सामाजिक वर्जनाओं की भी पड़ताल करती है। और, शहरी पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति के रूप में, क्या पायल काले जादू में विश्वास करती है? ÷हां, मैं करती हूं,÷ वह आगे कहती हैं, ÷मैं सकारात्मक अभिव्यक्ति में विश्वास करती हूं, और शूटिंग के दौरान कई अच्छी चीजें हुईं। इसलिए मुझे यह भी यकीन है कि आसपास नकारात्मक ऊर्जा है।÷वह कहती हैं, सबसे कठिन हिस्सा पिछले साल गर्मी के बीच में अत्रेयपुरम गांव (जहां फिल्म की कहानी आधारित है) में चरमोत्कर्ष दृश्य की शूटिंग थी। हालाँकि नमी अत्यधिक थी, फिर भी अभिनेत्री तरल आहार पर नहीं थी। परिणामस्वरूप, वह निर्जलित हो गई और अंततः उसे गुर्दे में संक्रमण हो गया।

शूटिंग के दौरान, मुझे बेचैनी महसूस हुई और मुझे पता चला कि मेरे शरीर के अंदर कुछ ठीक नहीं है। मुझे शरीर में बहुत दर्द हो रहा है। लेकिन निर्देशक ने कहा कि मैं इलाज के लिए हैदराबाद वापस नहीं जा सकता क्योंकि यूनिट ने एक लंबे शेड्यूल की योजना बनाई थी।÷ एक्ट्रेस ने किया खुलासा.

पांच दिनों के बाद, निर्देशक को उसकी स्थिति का एहसास हुआ और उसने तुरंत उसके इलाज के लिए हैदराबाद से डॉक्टरों को गांव बुलाया। क्लाइमेक्स की शूटिंग के दौरान मैं भारी दवा ले रहा था। मैंने एक हफ्ते तक एंटीबायोटिक्स पर फिल्म की शूटिंग की। बाद में मेरी किडनी से पथरी निकल गई।÷

पायल का दावा है कि यह हिस्सा शारीरिक और भावनात्मक रूप से थका देने वाला था। अपने किरदार के हैंगओवर से उबरने के लिए उन्होंने फिल्म की शूटिंग के बाद अपनी मां से मिलने के लिए कुछ हफ्तों की छुट्टी भी ली। ÷यह इतनी गहन और अंधकारपूर्ण भूमिका थी कि इसने मेरी आत्मा को झकझोर कर रख दिया। मैं भावनात्मक रूप से प्रभावित हुई। लेकिन किरदार के उतार-चढ़ाव से गुजरना भी थका देने वाला था,÷ वह बताती हैं कि फिल्म में उनके किरदार में भावनाओं का उतार-चढ़ाव था। .

## समर्थ जुरेल ने पूर्व अभिषेक के प्रति अपनी नरमी पर बात की



सुपरस्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बिग बॉस भारत में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले रियलिटी शो में से एक है। शो का विवादास्पद स्वभाव इसके प्रतियोगियों को सुर्खियों में बनाए रखने में कामयाब रहता है। इस शो में खुशी, उदासी, खालीपन और अन्य भावनाओं को दिखाया गया है। बिग बॉस 17 में, प्रतियोगी अभिषेक कुमार और ईशा मालविया ने पुष्टि की कि उनका अतीत अप्रिय था। प्रीमियर के दौरान सलमान खान की मौजूदगी में पूर्व प्रेमी आपस में भिड़ गए। दिलचस्प बात यह है कि ईशा के वर्तमान बॉयफ्रेंड-अभिनेता समर्थ जुरेल ने वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी के रूप में घर में प्रवेश किया है। बिग बॉस 17 के घर में प्रवेश करने से पहले, पिंकविला ने समर्थ जुरेल से उनके खेल और ईशा मालविया के साथ संबंधों के बारे में विशेष बातचीत की। बिग बॉस 17 में भाग लेने के बारे में बात करते हुए, अभिनेता ने कहा, मैं बिग बॉस के लिए बना हूं, और मैं यह शो खेलना और जीतना चाहता हूं। अभिषेक कुमार ने बिग बॉस 17 के घर में उल्लेख किया कि जब उन्होंने ईशा मालविया के जीवन में फिर से प्रवेश करने की कोशिश की, तो उन्होंने यह कहते हुए उन्हें दूर कर दिया कि वह पहले से ही एक रिश्ते में थीं। इसके विपरीत, अभिनेत्री ने इस खबर का खंडन किया और मेजबान सलमान खान ने कुमार को यह कहकर शांत किया कि लड़कियां तब ऐसा करती हैं जब वे उस व्यक्ति के साथ नहीं रहना चाहतीं लेकिन उनके इरादे दुर्भावनापूर्ण नहीं थे।

# हम किसानों के दिल की बात सुनते हैं और मानते हैं भी

## भूमिहीन मजदूरों को 10 हजार रुपये सालाना और स्वास्थ्य बीमा योजना की राशि 10 लाख रूपये करने का वादा

**राजनांदगांव/रायपुर,29 अक्टूबर 2023(ए)।** हम किसानों के दिल की बात सुन लेते हैं। हमने कहा था छत्तीसगढ़ में ऐसी सरकार आएगी जो किसानों, मजदूरों की रक्षा करेगी। हमने जो कहा वो करके दिखाया। यह बात सांसद राहुल गांधी ने आज राजनांदगांव में हुई जनसभा में कही। श्री गांधी ने जनसभा में दो बड़ी घोषणाएं करते हुए वादा किया कि अब भूमिहीन मजदूरों को 7000 नहीं 10 हजार रुपये सालाना मिलेंगे, साथ ही स्वास्थ्य बीमा योजना की राशि 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपये किया जाएगा।





### 3000 रुपए में खरीदा जाएगा धान

सांसद राहुल गांधी ने कहा कि हमने पिछली बार आपसे जो वादा किया था उससे आगे निकल गए हैं। हमने 2500 रुपये में धान खरीदी का वाद किया था आज 2640 रुपये में धान खरीदने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम किसानों के दिल की आवाज सुन लेते हैं।

आने वाले समय में किसानों के कहे बिना 3000 रुपये में धान खरीदी की जाएगी। हमारी सरकार ने बिजली बिल हाफ, किसान न्याय योजना में 23 हजार करोड़ रुपये 26 लाख किसानों को दिया। 7 हजार रुपये हर साल मजदूरों को मिला।

### हमने की किसानों से बात

श्री गांधी ने बताया कि उन्होंने आज किसानों और मजदूरों के साथ खेत में काम किया और उनसे बात की। किसानों ने बताया कि पिछले पांच साल में कांग्रेस की सरकार ने जो काम किया है वैसा काम इससे पहले किसी सरकार ने नहीं किया है।

श्री गांधी ने कहा कि मजदूरों को मिलने वाले सालाना 7 हजार रुपये को बढ़ाकर 10 हजार रुपये करने का निर्णय कांग्रेस ने लिया है। उन्होंने कहा कि पिछली बार भी हमने कर्ज माफी का वादा किया था, जिसे पूरा किया। इस बार भी हम किसानों से कर्ज माफी का वादा कर कर रहे हैं और सरकार बनते ही कर्ज माफ कर देंगे।

### यहां के किसान अब जमीन नहीं बेचते

सांसद राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने किसानों को आर्थिक रूप से इतना सक्षम बना दिया है कि अब यहां के किसानों को जमीन बेचने की जरूरत नहीं पड़ती। अब किसानों पर कर्ज नहीं है, उनके बैंक खातों में पैसे हैं। यह ऐतिहासिक बदलाव है।

### बीजेपी ने किस राज्य में किसानों का कर्ज माफ किया

जनसभा में सांसद राहुल गांधी ने बीजेपी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि दो तरीके की सरकार होती है। एक सरकार जो देश के सबसे अमीर और अरबपतियों के लिए काम करती है। मोदी सरकार ने अडानी जैसे लोगों का 14 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया।

री गांधी ने सवाल पूछा कि आप बताइए बीजेपी ने किस राज्य में किसानों का कर्ज माफ किया है? केंद्र सरकार 24 घंटे अडानी-अडानी करती रहती है। अडानी को एयरपोर्ट दे दिया, खदान ने दी। मोदीजी अडानी को लाभ पहुंचाने के लिए किसान बिल लेकर आए लेकर आए थे। किसानों के जेब से पैसा छीनकर अडानी को देने के लिए बिल लेकर आए थे।

सांसद राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी के नेता जहां भी जाते हैं कहते हैं, अंग्रेजी मत पढ़ो सिर्फ हिंदी पढ़ो। वे चाहते हैं कि सिर्फ उनके बच्चे पढ़ें और बढ़ें। लेकिन हम कहते हैं कि हिंदी के साथ छत्तीसगढ़ और अंग्रेजी भी आनी जरूरी है।

### हम चाहते हैं छत्तीसगढ़ का युवा बड़े से बड़ा सपना देखें

श्री राहुल गांधी ने कहा कि हमने 400 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल खोले हैं, हम इसे और आगे बढ़ाएंगे। 33 नई यूनिवर्सिटी भी हमने स्थापित की हैं। श्री गांधी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार केजी से लेकर पीजी तक मुफ्त शिक्षा देने जा रही है। एक रुपया भी एडमिशन या ट्यूशन फीस नहीं लगेगी। बीजेपी के लोग स्कूल, अस्पतालों को बेचने का काम करते हैं, हम बचाने का काम करते हैं।

### तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को 4 हजार रुपये

सांसद राहुल गांधी ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को 4 हजार रुपये साल के अलग से दिए जाएंगे। जंगल में जो भी चीजें उगती हैं उसके लिए कांग्रेस की सरकार समर्थन मूल्य में 10 रुपये अतिरिक्त देगी।



## ईवीएम में नोटा का विकल्प ही नहीं होना चाहिए

### चुनाव परिणाम पर पड़ता है...

**रायपुर,29 अक्टूबर 2023(ए)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज बस्तर दौरे पर हैं. वे यहां फरसगांव और भानुप्रतापपुर में चुनावी सभा ले रहे हैं. इस सभा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल हुए. वहीं बस्तर रवाना होने से पहले सीएम बघेल ने रायपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ईवीएम में नोटा को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि, नोटा के विकल्प पर निर्वाचन आयोग को विचार करना चाहिए. कई बार जीत हार से अधिक मत नोटा को मिल जाता है. इससे चुनाव परिणाम पर असर पड़ता है. ईवीएम में नोटा का विकल्प ही नहीं होना चाहिए।

# विधानसभा चुनाव 2023 में रायपुर रचेगा इतिहास

### » उत्तर पश्चिम में निर्वाचन होगा महिला अधिकारियों के जिम्मे...

**रायपुर,29 अक्टूबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद ऐसा पहली बार हो रहा है कि वहां विधानसभा चुनाव की बागडोर महिला अधिकारियों के हाथों में होगी. इस बार के चुनाव में रायपुर उत्तर और पश्चिम विधानसभा में चुनाव का संचालन महिला अधिकारी करेंगी.

मुख्य ऑब्जर्वर से लेकर मतदान अधिकारी तक महिलाएं ही होंगी. इसके लिए उत्तर विधानसभा में 1060 और पश्चिम में 804 महिला अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है. इन सभी महिलाओं को लगातार ट्रेनिंग दी जा रही है. प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को इस बात की जानकारी भी दी गई कि दो विधानसभा चुनाव में पूरी तरह से वे ही काम करेंगी. फिलहाल इन सभी महिलाओं को एनआईटी में ट्रेंड किया जा रहा है.

जिला निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार महिला मतदाताओं के लिए विशेष बूथ संगवारी केंद्र बनाए जा रहे हैं. लेकिन जिले के उत्तर और पश्चिम विधानसभा में महिला अधिकारी होने की वजह से वहां के सभी बूथों को संगवारी मतदान केंद्र बनाया जा रहा है. उत्तर विधानसभा में 18 सेक्टर हैं.इसमें एक सेक्टर में महिला अधिकारी होंगी.




सबसे प्रमुख बात यह है कि इस विधानसभा के मुख्य ऑब्जर्वर 01 महिला आई.ए.एस अधिकारी श्रीमती विमला आर. हैं साथ ही उनकी लाईजिनिंग ऑफिसर भी महिला है. साथ ही अधिक से अधिक महिला पुलिस बल भी तैनात किए जा रहे हैं. यहां पर मतदान पर्ची चेक करने से लेकर उंगली में स्याही लगाने और रजिस्टर में हस्ताक्षर के साथ वोटिंग करवाने तक महिलाएं ही नजर आएंगी.

छत्तीसगढ़ की छठी विधानसभा के लिए सभी 90 सीटों पर चुनाव दो चरणों में होंगे. प्रथम चरण में 7 नवंबर को 20 सीटों के वोट डाले जाएंगे. 17 नवंबर को दूसरे चरण के 70 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे. वोटों की गिनती 3 दिसंबर 2023 को होगी।

# 31 चेकपोस्ट में कड़ी जांच

## » 1.97 करोड़ रूपए कीमत की शराब, वाहन,गांजा एवं महुआ लाहन जब्त

**रायपुर,29 अक्टूबर 2023(ए)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए 9 अक्टूबर 2023 से लागू की गई आदर्श आचार संहिता के परिप्रेक्ष्य में तथा आयोग द्वारा विगत अगस्त माह में प्रवर्तन एजेंसियों की ली गई समीक्षा बैठक में प्राप्त निर्देशों के परिपालन में विशेष सचिव सह आबकारी आयुक्त श्री महादेव कावरे द्वारा आबकारी विभाग के सभी उड़नदस्तों तथा सभी जिलों के अधिकारियों को समस्त आसवनी, बाटलिंग यूनिट, ब्रुअरी तथा सभी देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों में सतत जांच कर निगरानी रखने तथा मदिरा के अवैध संग्रहण एवं परिवहन के संभावित स्थलों का चिन्हांकन कर अवैध मदिरा के धारण, परिवहन एवं विक्रय पर कठोर कार्यवाही करने के साथ-साथ राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी सघन तलाशी अभियान चलाने तथा संचालित जांच चौकियों में जांच बढ़ाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के परिपालन में आबकारी विभाग के द्वारा राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से 9 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2023 तक सघन कार्यवाही अभियान चलाकर 2038 छापे मारे गए हैं। इस दौरान 929 प्रकरण दर्ज कर 825 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। विभाग ने इस दौरान 11 हजार 833 लीटर मदिरा जब्त की है जिसका बाजार मूल्य 35 लाख 36 हजार 104 रुपए है। विभाग ने इस अवधि में 59 लाख 90 हजार 600 रुपए कीमत का महुआ लाहन एवं गांजा भी जब्त किया है। आबकारी विभाग द्वारा इन कार्यवाहियों के दौरान 45 वाहन भी जब्त किए गए हैं जिनका बाजार मूल्य एक करोड़ एक लाख 57 हजार रुपए है।



# नशेड़ी चालकों से हाइवे पर हादसे बढ़े



### न जांच हो रही...न कार्रवाई...

**रायपुर,29 अक्टूबर 2023(ए)।** नेशनल हाइवे 53 में पुलिस के चेक पोस्ट को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मारते हुए शासकीय कार्य में लगे कर्मचारी की जान ले ली और एक पुलिस वाले को घायल कर दिया इसके दूसरे ही दिन अभनपुर रोड में भी इसी तरह की घटना हुई तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से बाइक को टक्कर मारा, फिर एक ट्रक को और इसके बाद एक घर में जा घुसा हाइवे या प्रमुख मार्गो पर चलने वाले भारी वाहनों की रफ्तार की जांच नहीं हो रही है साथ ही ड्राइवर नशे में है या नहीं?

इसकी भी जांच नहीं हो रही इसी का नतीजा है कि भारी वाहन चालक बेखौफ होकर तेज रफ्तार में गाड़ियां चलाते हैं इससे लोगों की जान जा रही है

### युवक को रौंदने के बाद भी नहीं रूका ट्रक

गोबरानवापारा निवासी कमल नारायण राजपूत पाटन-दुर्ग रोड निर्माण में सिविल इंजीनियर का काम करता था 21 अक्टूबर को शाम करीब 6 बजे काम खत्म करके वह घर जाने के लिए अभनपुर-परसुलीड मार्ग में बाइक से जा रहा था इस दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रक सीजी 04 एलएन 63 ने उसकी बाइक को टक्कर मार दिया इससे कमल की मौके पर ही मौत हो गई बाइक को टक्कर मारने के बाद ट्रक नहीं रूकी और अधिक रफ्तार से चलाते हुए परसुलीडीह में सड़क किनारे खड़ी कार सीजी 08 एस 7982 को चपेट में ले लिया कार उछल कर दूर जा गिरी इसके बाद भी ट्रक को एक घर में घुसा दिया इससे घर की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई इसके बाद ड्राइवर वीरेंद्र कुमार वर्मा भागने लगा, लेकिन लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

रायपुर जिले को हाइवे के लिए चार हाइवे पेट्रोलिंग मिली है ये हाइवे पेट्रोलिंग कुम्हारी से लेकर आरंग तक घूमती रहती है, लेकिन नशा करके या तेज रफ्तार में भारी वाहन चलाने वालों की जांच नहीं की जाती और न ही कार्रवाई की जाती है यही वजह है कि पिछले दो माह में आरंग, महासमुंद, धमतरी रोड में भारी वाहनों की चपेट में आने से कई लोगों की जान चली गई है

### चेकपोस्ट का भी नहीं किया लिहाज

20 अक्टूबर को आरंग के पारागांव पुलिस चेक पोस्ट को महासमुंद की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दिया चेकपोस्ट के अलावा पुलिस सहायता केंद्र को भी चपेट में ले लिया इसमें निर्वाचन आयोग की ओर से तैनात कैमरामैन की मौत हो गई थी आरंग थाने का हवलदार भी बुरी तरह से घायल हो गए थे गौर करने वाली बात है कि ट्रक चालक नशे में धुत था और वह महासमुंद की ओर से आ रहा था इस रोड पर तुमगांव थाना के अलावा नदी मोड़ पर भी पुलिस सहायता केंद्र है वहां ट्रक चलाने वालों की जांच नहीं हुई।



# हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव होगा आज

### 9 पदों के लिए 51 प्रत्याशी मैदान में

**बिलासपुर,29अक्टूबर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव 30 अक्टूबर याने कल होने जा रहा है। यहां के अधिवक्ता कक्ष में मतदान सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5 बजे तक चलेगा। मतदान की सारी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। हाईकोर्ट अधिवक्ता और सहायक चुनाव अधिकारी बी एन नंदे ने उक्ताशय की जानकारी पत्रकारों को दी।

### हाईटेक तरीके से होगा चुनाव

बी एन नंदे ने बताया कि 'बार' का चुनाव पहली बार हाईटेक तरीके से संचालित हो रहा है। सारी प्रक्रिया यूट्यूब और फेसबुक पर लाइव की जा रही है। इसके लिए मतदान स्थल पर काफ़ी संख्या में कैमरे लगाए गए हैं और चुनावी प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी तरीके से संचालित की जा रही है। ये चुनावी प्रक्रिया संभवतः पहली बार छत्तीसगढ हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में अपनाई जा रही है।

### डेढ़ हजार मतदाता चुनेंगे प्रतिनिधि

चुनाव अधिकारी नंदे ने बताया कि बार के लिए 9 पद पर चुनाव किए जा रहे हैं। कुल मतदाता 15 सौ है। स्क्रूटनी की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है 3 लोगों को स्क्रूटनी में अयोग्य पाया गया है। चुनावी मैदान में अध्यक्ष पद के लिए 6 प्रत्याशी मैदान में हैं। सीनियर वाइस प्रेसिडेंट के लिए 6 उम्मीदवार, वाइस प्रेसिडेंट महिला के लिए 3, सेकेट्री 5, सह सचिव 6, कोषाध्यक्ष 3, लाईब्रेरी सेकेट्री 3, एक्जीक्यूटिव मेंबर के लिए 19 प्रत्याशी मैदान में हैं। चुनाव प्रक्रिया के लिए वालिंटियर की तैनाती पूरी कर ली गई है साथ ही पुलिस की भी तैनाती की गई है।

# कांग्रेस-भाजपा के नाराज दावेदारों ने पर्चा भरकर खोल दिया मोर्चा

### » अपनी ही पार्टी के खिलाफ लड़ेंगे चुनाव

**रायपुर,29अक्टूबर 2023(ए)।** कांग्रेस-भाजपा में टिकट नहीं मिलने पर नाराज दावेदारों ने बगावत के सुर तेज कर दिए हैं। टिकट नहीं मिलने पर दावेदारों ने अपने ही प्रत्याशी के खिलाफ पर्चा भरकर मोर्चा खोल दिया है। अंतागढ़ से लेकर कसडोल, पामगढ़, मनेंद्रगढ़, धमतरी आदि विधानसभा सीटों पर ऐसी स्थिति देखने को मिल रही है।

रायपुर में भी कुछ दावेदारों ने अपनी ही पार्टी के प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पत्र भर दिया है। बगावती सुर पार्टियों के लिए भी सिरदर्द बनते जा रहा है। शुक्रवार को कांग्रेस नेता गोरेलाल बर्मन पार्टी से अलग होकर जकांछ में शामिल हो गए। दूसरे चरण के लिए 30 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भरा जाना है। ऐसे में रोजाना नया उलटफेर देखने को मिल रहा है। आने वाले दिनों में और नेताओं के बागी होने के संकेत मिले हैं।

### कसडोल में निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा

कसडोल विधानसभा से टिकट न मिलने पर साहू समाज के गोरेलाल साहू ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। कसडोल विधानसभा से कांग्रेस ने संदीप साहू को प्रत्याशी बनाया है। वर्तमान में जिला पंचायत सभापति गोरेलाल साहू ने नामांकन पत्र खरीद लिया है। यहां सामाजिक वोट बंटने की आशंका जताई जा रही है। मीडिया से चर्चा में गोरेलाल ने कहा कि संदीप साहू स्थानीय नहीं है और कसडोल विकासखंड के भी नहीं है, जबकि कसडोल और समाज के लोग हमेशा से ही स्थानीय कसडोल विधानसभा क्षेत्र के ही निवासी को टिकट देने की मांग कर रहे हैं। पिछले बार भी हमने इसी मांग पर संघर्ष किया, तब शकुंतला साहू को टिकट मिला और वह विजयी हुई थी।



### कांग्रेसी नेता गोरेलाल जकांछ में शामिल,पामगढ़ से लड़ेंगे चुनाव

कांग्रेस नेता गोरेलाल बर्मन कांग्रेस से त्यागपत्र देकर जोगी कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। शुक्रवार को उन्होंने जकांछ अध्यक्ष अमित जोगी के सामने पार्टी की सदस्यता ली। उन्हें पामगढ़ से जकांछ प्रत्याशी बनाया गया है। पामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी गोरेलाल बर्मन को बसपा की इंदु बंजारी ने 3,061 वोटों से हराया था। कांग्रेस से दावेदारी के बाद भी टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर कर दी है। पिछले दिनों उन्होंने अपने समर्थकों के साथ दिल्ली एवं रायपुर में शक्ति प्रदर्शन भी किया था।

### रायपुर उत्तर से कुकरेजा व सावित्री भी नाराज

रायपुर उत्तर से कांग्रेस ने कुलदीप जुनेजा को टिकट दिया है। यहां से कांग्रेसी नेता व पार्षद अजीत कुकरेजा ने नामांकन पत्र खरीद लिया है। बता दें कि कांग्रेस नेता कुकरेजा पिछले तीन बार से यहां पार्षद हैं। टिकट के लिए उन्होंने बड़ी लांबिंग की थी। इधर, भाजपा ने रायपुर उत्तर से पुरंदर मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है, लेकिन इसी क्षेत्र से भाजपा महिला नेता सावित्री जगत ने पर्चा भर दिया है। हालांकि सीट से अंतिम मुहर पार्टी के बी-फार्म देने के बाद ही लगेगी।

### धमतरी में भी बदला सा माहौल

धमतरी में पूर्व विधायक व कांग्रेसी नेता गुरुमुख सिंह होरा ने पर्चा भरने के लिए नामांकन खरीद लिया है।

# विधानसभा प्रत्याशियों की 10 वीं लिस्ट जारी




**रायपुर,29अक्टूबर 2023(ए)।** विधानसभा चुनाव के लिए जोगी कांग्रेस ने 10वीं सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में 9 उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है। इस सूची को मिलाकर छ्ष्ठ्ष्ठ्छ ने अब तक 80 सीटों के लिए प्रत्याशी मैदान में उतार दिए हैं।

इन्हें मिला टिकट

1) दुर्ग से संजय दुबे
2) रायपुर दक्षिण से प्रदीप साहू
3) भटगांव से समय लाल
4) बैकुंठपुर से दुर्गेश साहू
5) कुनकुरी से चार्ल्स इक्का
6) रायपुर उत्तर से मंशु निहाल
7) बिलाईगढ़ से ब्रह्मानंद मारकंडे
8) पाटन से शीतकरण महिलवार
9) नवागढ़ से शेष नारायण कुर्रे

# छत्तीसगढ़ में नर्सिंग की 2500 सीटें रह गई है खाली

**रायपुर,29अक्टूबर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया इतनी जटिल हो गई है कि इसमें 3 माह का समय बीत गया और लगभग ढाई हजार से अधिक विद्यार्थी प्रवेश से वंचित रह गए हैं। बड़ी संख्या में सीटें खाली रह जाने के चलते अब इंडियन नर्सिंग काउंसिल में प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों के लिए प्रवेश के रास्ते खोल दिए हैं, मगर दिक्कत यह है कि इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए केवल दो दिन ही शेष रह गए हैं। ऐसे में सवाल यह है कि इतने कम समय में कितने विद्यार्थी प्रवेश ले सकेंगे..? प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज एसोसिएशन के अध्यक्ष




राजीव गुप्ता ने बताया कि नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया काफी जटिल है, जिसके चलते काफी समय व्यतीत हो जाता है और बच्चे दूसरे पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले लेते हैं। अगस्त महीने में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हुई और आज अक्टूबर का महीना चल रहा है। यही वजह है कि उनका संगठन पिछले कई महीने से कॉउन्सिलिंग की प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग करता चला आ रहा है।

### 4 माह में बदल गए 4 आयुक्त

राजीव गुप्ता ने बताया कि चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन होने वाली प्रवेश की प्रक्रिया में बदलाव के लिए वे बार-बार मांग करते रहे। इस बीच विभाग में 4 आयुक्त बदल गए। ऐसे में मांगों पर फैसला आखिर कौन करेगा।

# कुरुद विधानसभा सीट के लिए बीजेपी से अजय चंद्राकर और कांग्रेस से तारिणी चंद्राकर मैदान में होंगे आमने-सामने



**रायपुर,29अक्टूबर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ की हाईप्रोफाइल सीट में से एक है कुरुद विधानसभा. यह धमतरी जिले में आती है. छत्तीसगढ़ की सियासत में कुरुद विधानसभा सीट की खासी अहमियत मानी जाती है. इस सीट से बीजेपी के कद्दावर नेता अजय चंद्राकर आते हैं. राजनीतिक नजरिए से भी देखें तो राजनीति में इस इलाके की खासी अहमियत है.भौगोलिक स्थिति की बात करें तो कुरुद विधानसभा के पूर्व में गरियाबंद विधानसभा और पश्चिम में पाटन और बालोद विधानसभा पड़ती है. वहीं उत्तर में राजिम के साथ अभनपुर विधानसभा और दक्षिण धमतरी सहित सिहावा विधानसभा पड़ती है.कुरुद विधानसभा बीजेपी का गढ़ माना जाता है.इस बार कुरुद से बीजेपी ने पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर पर ही भरोसा जताया है.वहीं कांग्रेस की बात करें तो तारिणी चंद्राकर कांग्रेस की उम्मीदवार घोषित की गई हैं.

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)